प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



बंगाल का एग्जिट पोल- ममता की विदाई, भाजपा का खिल सकता है कमल पेज- 2

निःशुल्क कोचिंग का अवसर, पांच मई तक करें आवेदन पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 129 | गुरुवार 30 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# पीएम मोदी ने किया 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन

## मेरठ से प्रयागराज का सफर होगा आसान

हरदोई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का बुधवार को हरदोई के मल्लावां में उद्घाटन किया। आधिकारिक बयान के अनुसार लगभग 36,230 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा के समय को वर्तमान 10–12 घंटे से घटाकर लगभग छह घंटे कर देगा। इसमें कहा गया कि गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज सहित 12 प्रमुख जिलों को जोड़ता है। इससे पहले, प्रधानमंत्री के हरदोई पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। योगी आदित्यनाथ ने श्एक्सश पर एक पोस्ट में कहा कि हरदोई से एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के साथ राज्य की विकास यात्रा को नयी




गति मिलेगी। उन्होंने छह लेन एक्सप्रेसवे को गांवों, किसानों, उद्यमियों और युवाओं को जोड़ने वाली जीवन रेखा बताते हुए कहा कि यह विकास को गति देने और दूरियां समेटने में अहम भूमिका निभाएगा। केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी इस परियोजना को देश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे में से एक और राज्य को आधुनिक बुनियादी ढांचे का तोहफा बताया। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री का उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) की प्रदर्शनी का अवलोकन करने, पौधरोपण करने और जनसभा को संबोधित करने के बाद दोपहर में वापस लौटने का कार्यक्रम है। बयान में कहा गया कि इसे सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किया गया है। यह छह लेन का एक्सप्रेसवे है, जिसे आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकता है। आधिकारिक बयान के अनुसार इसकी एक प्रमुख विशेषता शाहजहांपुर के पास बनी 3.2 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी है, जहां आपात स्थिति में वायुसेना के विमान उतर सकते हैं। इसमें कहा गया कि पूरे मार्ग पर उन्नत तकनीक आधारित इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), सीसीटीवी निगरानी, इमरजेंसी कॉल बॉक्स और एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। बयान में कहा गया कि एक्सप्रेसवे के किनारे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़े गोदाम, शीतगृह और खाद्य प्रसंस्करण केंद्र जैसी सुविधाएं निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन में सहायक होंगी। यह एक्सप्रेसवे पूर्वांचल, आगरा–लखनऊ, बुंदेलखंड और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे सहित अन्य प्रमुख कॉरिडोर से भी जुड़ेगा, जिससे एक विशाल अंतरसंपर्क तंत्र तैयार होगा। अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगी और उत्तर प्रदेश को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में अहम भूमिका निभाएगी।

## ममता बनर्जी का बड़ा हमला, भाजपा और चुनाव आयोग पर तंज, कहा-लोकतंत्र के त्योहार को बर्बाद करने की हो रही कोशिश

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दूसरे चरण के



मतदान जारी है। इसी क्रम में बंगाल की मुख्यमंत्री और भवानीपुर विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की उम्मीदवार ममता बनर्जी ने दक्षिण कोलकाता के एक मतदान केंद्र का दौरा किया और चुनावी प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए। ममता बनर्जी ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि उनके पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ हिंसा की गई है। उन्होंने कहा कि "देखिए हमारे कार्यकर्ता को रात में कैसे पीटा गया। यह किस तरह की गुंडागर्दी है? वोटिंग इस तरह नहीं होती, बल्कि शांतिपूर्ण ढंग से होनी चाहिए। चुनाव लोकतंत्र का त्योहार है, लेकिन इसे पूरी तरह बर्बाद करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा जबरदस्ती चुनाव में धांधली करना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी के कार्यकर्ता अपने स्थान पर डटे रहेंगे, चाहे उन्हें कितनी भी मुश्किलों का सामना करना पड़े। मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कई ऐसे अधिकारी और ऑब्जर्वर बंगाल में लाए गए हैं, जो राज्य की परिस्थितियों को समझते नहीं हैं। उनके अनुसार, कुछ ऑब्जर्वर टीएमसी के एजेंटों को निशाना बना रहे हैं और पुलिस थानों में जाकर दबाव बना रहे हैं। ममता बनर्जी ने केंद्रीय सुरक्षा बलों पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि "कल रात सीआरपीएफ ने बिना स्थानीय पुलिस के 70 नंबर वार्ड के पार्षद के घर पर कार्रवाई की। उस समय घर में केवल उनकी पत्नी और बच्चा मौजूद थे, इसके बावजूद वहां तोड़फोड़ की गई।" इस घटना को उन्होंने अत्याचार करार देते हुए कहा कि वह पूरी रात जागती रहीं और हालात पर नजर बनाए रखी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाहरी ऑब्जर्वर भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उनके मुताबिक, "भाजपा जो कहती है, वही किया जा रहा है। हमारे पोस्टर तक हटा दिए गए हैं। क्या चुनाव ऐसे होते हैं? वोट मतदाता डालेंगे, न कि पुलिस या सुरक्षा बल।" मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उनकी पार्टी और वे खुद चाहते हैं कि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे निर्भय होकर मतदान करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लें।

## केजरीवाल को फिर झटका, दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी की नई याचिका पर अरविंद केजरीवाल को जारी किया नोटिस

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को ईडी के समन से जुड़े मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक



अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी। दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन की अवहेलना मामले में श्आपश प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया। बुधवार को मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ईडी की याचिका पर अरविंद केजरीवाल को नोटस जारी किया। ईडी ने केजरीवाल पर पूछताछ के लिए जारी समन की अवहेलना का आरोप लगाते हुए राऊज एवेन्यू कोर्ट में शिकायत दायर की थी। हालांकि, निचली अदालत ने केजरीवाल को बरी कर दिया था। अदालत ने माना था कि उपलब्ध सबूत उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। यह फैसला अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने सुनाया था। इसी फैसले को ईडी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी का आरोप था कि केजरीवाल ने अलग–अलग तारीखों पर जारी पांच समन के बावजूद एजेंसी के सामने पेशी नहीं दी। एजेंसी का कहना था कि एक उच्च पद पर बैठे व्यक्ति की ओर से समन की अवहेलना गलत उदाहरण पेश करती है, इसलिए इस मामले में कार्रवाई जरूरी है। इसमें यह भी आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल ने बेतुके बहाने बनाए और जान–बूझकर जांच में शामिल न होने के लिए आधार तैयार किए। वहीं, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई मामले में भी बुधवार को सुनवाई हुई। दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने कुछ प्रतिवादियों की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर मामले की सुनवाई को 4 मई तक टाल दिया। जस्टिस शर्मा ने कहा कि कुछ प्रतिवादियों ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। इसे शनिवार तक पूरा कर लिया जाए। सोमवार से इस मामले की सुनवाई शुरू होगी। उन्होंने कहा, हम (ट्रायल कोर्ट का) रिकॉर्ड मंगवाएंगे और सोमवार से सुनवाई शुरू करेंगे।

# बंगाल में पूर्ण बहुमत से बनेगी बीजेपी की सरकार

## लिखी जाएगी विकास की नई गाथा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का दावा

(एजेंसी) मिर्जापुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



नितिन नवीन ने बुधवार को विश्वास जताया कि पार्टी पश्चिम बंगाल में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण में 142 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान जारी है, जिसमें कोलकाता, हावड़ा और उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना सहित प्रमुख जिले शामिल हैं। इस चुनाव को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की लगातार चौथी बार दावेदारी और राज्य में अपनी पहली सरकार बनाने के भाजपा के प्रयास के लिए निर्णायक माना जा रहा है। 23 अप्रैल को पहले चरण में 93 प्रतिशत मत से अधिक मतदान हुआ। नवीन ने मिर्जापुर में पत्रकारों से कहा, भाजपा बंगाल में सरकार बनाएगी। हम प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रहे हैं। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष ने विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर पूजा–अर्चना की। अनुष्ठान उनके पुरोहित आचार्य अगस्त्य कुमार द्विवेदी ने कराए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद जिले के पहले दौरे पर आए नितिन नवीन का पार्टी कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर स्वागत किया। मंदिर में उनका स्वागत विधायक रत्नाकर मिश्रा और जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने किया, जिन्होंने उन्हें पारंपरिक अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच करीब 10 मिनट तक पूजा–अर्चना करने के बाद नवीन ने एक होटल में स्थानीय विधायक रत्नाकर मिश्रा, मझवां विधायक सुचिस्मिता मौर्य और मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल के साथ बैठक की। पटेल ने कहा कि नवीन ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया और जनप्रतिनिधियों से अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों की सेवा पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, जिला उपाध्यक्ष गौरव उमर, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी समेत पार्टी के कई नेता, महिला कार्यकर्ता और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि दौरे के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई और क्षेत्राधिकारी स्तर के कई अधिकारी तैनात किए गए थे।

# प्रधानमंत्री मोदी का सपा पर बड़ा हमला, कहा– नारी विरोधी है समाजवादी पार्टी

(एजेंसी) हरदोई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं होने के मुद्दे पर, खासकर समाजवादी पार्टी (सपा) को आड़े हाथ लेते हुए बुधवार को कहा कि समाज को बांटने और तोड़ने की ख्वाहिश रखने वाली नारी विरोधी सपा उत्तर प्रदेश के लोगों को गाली देने वाली द्रमुक जैसी पार्टी के साथ खड़ी हुई और विधेयक का विरोध किया।मोदी ने यहां 594 किलोमीटर लम्बे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि पिछली सरकारों ने अपनी करतूतों के कारण अपराध और जंगल राज को उत्तर प्रदेश की पहचान बना दिया था और उत्तर प्रदेश के माफिया पर फिल्में बनती थी लेकिन अब उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था का देशभर में उदाहरण दिया जाता है। उन्होंने खासकर सपा पर हमलावर होते हुए कहा, संसाधनों की बंदरबांट करने वाले जिन सपाइयों के हाथ से सत्ता गई है, उन्हें उत्तर प्रदेश की यह प्रगति पसंद नहीं आ रही है। वह एक बार फिर उत्तर प्रदेश को पुराने दौर में धकेलना चाहते हैं। वह एक बार फिर समाज को बांटना और तोड़ना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं होने का ठीकरा भी सपा के सिर फोड़ते हुए कहा, समाजवादी पार्टी विकास विरोधी भी है और नारी विरोधी भी है। अभी बीते दिनों देश में एक बार फिर सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों का असली चेहरा देखा। उन्होंने कहा कि केंद्र की राजग सरकार संसद में नारी वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक लेकर आई थी, जो अगर पारित हो जाता तो 2029 के लोकसभा चुनाव से ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलता लेकिन सपा ने इस संशोधन विधेयक का विरोध किया। मोदी ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने से सभी राज्य विधानसभाओं में भी सीटों की संख्या बढ़ जाती। उन्होंने कहा, श्हमने संसद में साफ–साफ कहा था कि सभी राज्यों की सीटें एक ही अनुपात में बढ़ेंगी, लेकिन उत्तर प्रदेश को गाली देकर राजनीति करने वाली द्रमुक जैसी



पार्टियों को आपत्ति थी कि उत्तर प्रदेश की सीटें क्यों बढ़ेंगी।श प्रधानमंत्री ने सपा को घेरते हुए कहा कि सपा संसद में द्रमुक के सुर में सुर मिला रही थी। उन्होंने कहा, सपा वाले यहां पर आपका वोट तो चाहते हैं लेकिन संसद में उत्तर प्रदेश के लोगों को गाली देने वालों के साथ खड़े हो जाते हैं। इसीलिए उप्र के लोग कहते हैं कि समाजवादी पार्टी कभी सुधर नहीं सकती। यह लोग हमेशा महिला विरोधी राजनीति ही करेंगे। यह हमेशा तुष्टीकरण और अपराधियों के साथ खड़े रहेंगे।श मोदी ने लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि सपा कभी परिवारवाद और जातिवाद से ऊपर उठ नहीं सकती क्योंकि वह हमेशा विकास विरोधी राजनीति करेगी, लिहाजा उत्तर प्रदेश को सपा और उसके सहयोगियों से सावधान रहना चाहिये। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिये बगैर कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया युद्ध, अशांति और अस्थिरता से घिरी है और दुनिया के बड़े–बड़े देशों की हालत खराब है लेकिन भारत उसी रफ्तार से विकास की राह पर बढ़ रहा है जो बाहर के दुश्मनों तो पसंद नहीं आ रहा है मगर भीतर बैठे लोग भी सत्ता की भूख में भारत को नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने कहा, हम आत्मनिर्भर भारत के अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। हम आधुनिक अवसंरचना का निर्माण कर रहे हैं और गंगा एक्सप्रेसवे इसी दिशा में एक और मजबूत कदम है। मुझे विश्वास है गंगा एक्सप्रेसवे जिन संभावनाओं को हमारे दरवाजे तक लेकर आएगा, उत्तर प्रदेश के लोग अपने परिश्रम और प्रतिभा से उन्हें साकार करके रहेंगे। प्रधानमंत्री ने 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का बुधवार को हरदोई के मल्लावां में उद्घाटन किया। लगभग 36,230 करोड़ रुपये की कुल लागत से निर्मित गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज सहित 12 प्रमुख जिलों को जोड़ता है।

## किसानों के साथ पूरी प्रतिबद्धता से खड़ी है दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्रीमती गुप्ता ने आज कहा कि इस वर्ष प्रतिकूल मौसम के कारण गेहूं की फसल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। ऐसे में किसानों की परेशानी कम करने और उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर अपनी उपज बेचने से बचाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने ठोस पहल की है। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल से रबी मार्केटिंग सीजन (त्डै) 2026–27 के लिए पूरी दिल्ली के सभी जिलों में गेहूं खरीद के गुणवत्ता मानकों में विशेष छूट को मंजूरी दी गई है, जो इस सीजन की शुरुआत से ही लागू होगी। उन्होंने कहा कि संशोधित व्यवस्था के तहत अब गेहूं में चमक की कमी (लस्टर लॉस) को 70 प्रतिशत तक स्वीकार किया जाएगा। इसके साथ ही सिकुड़े और टूटे दानों की सीमा को पहले के 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक कर दिया गया है ताकि मौसम से प्रभावित फसल भी खरीद के दायरे में आ सके, हालांकि गुणवत्ता का संतुलन बनाए रखने के लिए यह स्पष्ट किया गया है कि टूटे और हल्के टूटे दाने मिलाकर 6 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि छूट के तहत खरीदा गया गेहूं अलग तरीके से संभाला जाएगा। इस गेहूं को सामान्य स्टॉक से अलग रखकर उसका अलग भंडारण किया जाएगा और उसका पूरा हिसाब–किताब अलग



से रखा जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने बताया कि इस तरह के गेहूं को प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले इस्तेमाल किया जाएगा, यानी इसे देर तक स्टोर नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार खरीदे गए गेहूं का उपयोग केवल दिल्ली के भीतर ही किया जाएगा, जिससे स्थानीय खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर भंडारण के दौरान इस गेहूं की गुणवत्ता में कोई गिरावट आती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की होगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह निर्णय किसानों को राहत देने, उनकी मेहनत का उचित मूल्य सुनिश्चित करने और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस निर्णय से उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के वित्तीय या संचालन संबंधी प्रभाव की पूरी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार स्वयं वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, जिम्मेदार और समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए ताकि इसका लाभ सीधे किसानों और उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

# सम्पादकीय

## राघव चड्ढा के अपने तर्क

राघव चड्ढा समेत सात राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी से अलग होकर भाजपा में शामिल होने को राज्यसभा सभापति की मंजूरी मिल गई है। ऐसे में राज्यसभा में भाजपा सांसदों की संख्या 106 से बढ़ कर 113 हो गई है। मैं नफीस जाफरी यहां यह स्पष्ट कर दूं कि वहीं, आम आदमी पार्टी के सांसदों की संख्या 10 से घट कर 03 रह गई है। राघव चड्ढा ने पिछले दिनों घोषणा की थी कि उनके साथ आप के 6 सांसद पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने आप सांसदों का स्वागत मिठाई खिलाकर की थी। वहीं जहां तक राघव चड्ढा का सवाल है तो मालूम हो कि आम आदमी पार्टी छोड़ 7 सांसदों का समर्थन लेकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने वाले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने नया वीडियो जारी किया है। वीडियो में राघव ने बताया कि पिछले तीन दिनों से मुझे कई मैसज आए,कुछ ने बधाई दी तो कुछ ने मेरे इस फैसले के पीछे की वजहें जाननी चाहीं। राघव ने कहा कि आज का मेरा वीडियो उन लोगों के लिए है जो मेरे पार्टी छोड़ने का कारण जानना चाहते हैं और इनके लिए भी जिन्होंने मेरी पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं देखी। राघव ने कहा कि मेरे पास पार्टी छोड़ने के अलावा दो और विकल्प थे। पार्टी में अब वो बात नहीं थी। राघव चड्ढा ने अपने आधिकारिक इंस्टा हैंडल से वीडियो पोस्ट कर कहा कि राजनीति में आने से पहले मैं एक चार्टेड अकाउंटेंट था, मेरे पास एक बहतरीन करियर था। मैं उसे छोड़कर पॉलिटिक्स में आया। राघव ने बताया कि मैं राजनीति में कुछ बनाने नहीं आया। इसके बाद मैं एक पॉलिटिकल पार्टी आप का संस्थापक सदस्य बना। पार्टी को मैंने पिछले 15 साल तक अपनी मेहनत और खून पसीने से सींचा था। राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी अब वो पार्टी नहीं रही। आप पर हमला बोलते हुए राघव चड्ढा ने आगे कहा कि अब ये वो वाली पार्टी नहीं रही। यहां राज्यसभा में बोलने से रोक जाता है, काम करने से रोका जाता है। राघव ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि अब ये पार्टी चंद भ्रष्ट और कंप्रोमाइज्ड लोगों की पार्टी रह गई है जिसका मकसद देश सेवा नहीं अपना निजी स्वार्थ सिद्ध करना है। राघव चड्ढा ने कहा कि मैं कुछ सालों से ये महसूस कर रहा था कि मैं गलत पार्टी में एक सही आदमी हूं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने अपने वीडियो में बताया कि ये सब देखने के बाद मेरे पास तीन विकल्प थे। एक कि मैं राजनीति छोड़ दूं, दूसरा मैं इसी पार्टी में रहकर चीजें ठीक करने की कोशिश करुं और तीसरा कि मैं अपने अनुभव और ऊर्जा के साथ एक और पॉलिटिकल पॉर्टी के साथ जुड़कर सकारात्मक राजनीति करुं। राघव चड्ढा ने आगे कहा कि मेरे साथ एक,दो,तीन नहीं बल्कि पूरे 7 सांसदों ने मिलकर 'आप' को छोड़ने का फैसला किया। राघव ने कहा कि एक आदमी गलत हो सकता है, दो गलत हो सकते हैं पर सात लोग तो गलत नहीं हो सकते न... इसलिए हम सबने फैसला किया कि हम एक नई पॉलिटिकल पार्टी ज्वाइन करेंगे। राघव चड्ढा ने कहा कि अगर आपका वर्क कल्चर ही टॉक्सिक यानी जहरीला हो जाए तो आपके लिए काम करना कितना मुश्किल होगा। आपको ऐसे समय पर सही फैसला लेकर वहां से हटना ही पड़ेगा.राघव ने ये भी कहा कि कई लोगों ने पूछा कि क्या आप पहले की तरह ही हमारे मुद्दे उठाते रहेंगे तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं पहले की तरह ही आपके मुद्दे संसद में ऐसे ही उठाता रहूंगा।


नफीस जाफरी

## चिंगारी पड़ते ही लपटें

सरकार ने उलझे हालात का हल निकालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की है। उसने समस्या को महज कानून–व्यवस्था के नजरिए से देखा है। मगर उस मोर्चे पर भी कामयाबी नहीं मिली है, जिसकी मिसाल ताजा घटनाएं हैं।

मणिपुर में हालात लगातार इतने सुलगे हुए हैं कि कोई भी चिंगारी पड़ते ही लपटें उठने लगती हैं। बिशुनपुर जिले में मंगलवार को बम फेंके जाने की घटना के बाद यही हुआ। बम एक आम परिवार के घर पर फेंका गया, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई। उसके बाद भड़की भीड़ ने जगह– जगह सुरक्षा ठिकानों सहित अन्य स्थलों को निशाना बनाया। उन पर हुई पुलिस कार्रवाई में दो और लोग मारे गए। पांच जिलों में कर्फ्यू लगाते हुए इंटरनेट बंद करना पड़ा। बम संभवतरू कुकी उग्रवादियों ने फेंका, जिसका शिकार मैतेई परिवार बना।

बाद में विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए दोनों व्यक्ति मैतेई समुदाय के ही हैं। इन घटनाओं ने फिर जाहिर किया है कि मणिपुर में हालात लगातार असामान्य बने हुए हैं। बल्कि मई 2023 में हिंसा शुरू होने के बाद से वहां मैतेई और कुकी समुदायों के बीच खाई लगातार चौड़ी होती गई है। इससे पूरे राज्य में अविश्वास का माहौल है। केंद्र और राज्य सरकारों ने उलझते गए हालात का हल निकालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की है। उन्होंने समस्या को महज कानून– व्यवस्था के नजरिए से देखा है। मगर उस मोर्चे पर भी प्रशासन कामयाब नहीं हुआ है, जिसकी मिसाल ताजा घटनाएं हैं। वैसे जहां अशांति की जड़ में दो समुदायों के बीच जारी तनाव हो, वहां कानून– व्यवस्था संबंधी उपायों से सामान्य स्थिति बहाल नहीं की जा सकती।

इस मोर्चे पर सत्ताधारी दल या किसी अन्य राजनीतिक पक्ष ने जमीनी पहल नहीं की है। आवश्यकता दोनों में समुदायों के बीच संवाद बनाने और सद्भाव पैदा करने की है, ताकि उनमें एक–दूसरे के प्रति गहराते गए वैर भाव को दूर करने का रास्ता निकले। फिलहाल सूरत यह है कि कुकी संगठन अलग प्रदेश की मांग पर अड़े हुए हैं। उन्हें नहीं लगता मैतेई बहुल मणिपुर में वे सुरक्षित रह पाएंगे। केंद्र ने मणिपुर में मुख्यमंत्री बदल कर नई सरकार में कुकी विधायकों को नुमाइंदगी देते हुए मसले का हल निकालने की कोशिश की। लेकिन उससे बात नहीं बनी है। अतरू अब ऐसी जमीनी पहल की जरूरत है, जिसमें दोनों पक्षों का भरोसा और भागीदारी हो।

# बंगाल का एग्जिट पोल- ममता की विदाई, भाजपा का खिल सकता है कमल


गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और फाइनल चरण की वोटिंग खत्म हो चुकी है। इस फेज की 142 सीटों पर 90 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है। ऐसे में अब सभी की निगाहें लगी हुई हैं कि बंगाल में किसकी सरकार बनेगी। हर कोई यह जानना चाहता है कि इस बार सोनार बांग्ला पर ममता दीदी का जादू बरकरार रहेगा या फिर भाजपा कमल खिलाने में कामयाब रहेगी? बंगाल की 194 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में चुनाव हुए हैं। इस तरह सरकार बनाने के लिए 148 सीटों की जरूरत है। एग्जिट पोल सर्वे के मुताबिक ममता बनर्जी की सत्ता से विदाई तो भाजपा पहली बार सरकार बनाती नजर आ रही है। विदित हो कि एग्जिट पोल के चार में से तीन सर्वे में भाजपा की सरकार बनती दिख रही है तो एक सर्वे में ममता बनर्जी को बढ़त दिखाई गई है.

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की बात करें तो एग्जिट पोल संकेत दे रहा है कि राज्य में पहली बार भगवा पार्टी अपना परचम लहरा सकती है। बंगाल में तीन बार से ममता बनर्जी की अगुवाई में तृणमूल कांग्रेस सत्ता में है, लेकिन इस बार भाजपा चौंकाने वाला रिजल्ट दे सकती है। पोल डायरी, मेट्राइज और पी–मार्क के एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत मिलने का संकेत दिया गया है। भाजपा ने इस बार अपनी रणनीति बदलते हुए बंगाल में मुद्दों पर फोकस किया था और ममता बनर्जी पर सीधे हमला करने से बचने की कोशिश की। बंगाली अस्मिता,



संस्कृति से भी खुद को जोड़ा।

बंगाल में पीपल्स पल्स का एग्जिट पोल

तृणमूल कांग्रेस को 177–187 सीटें भाजपा को 95 से 110

कांग्रेस को 1 से 3 सीटें

बंगाल चुनाव में पोल डायरी का एग्जिट पोल

टीएमसी– 99–127 सीटें

भाजपा को 142 से 171 सीटें

कांग्रेस गठबंधन को 3 से 5 सीटें

लेट को 2 से 3 सीटें

मैट्राइज का एग्जिट पोल

टीएमसी को 125 से 140

भाजपा को 146 से 161

अन्य को 6–10 सीटें

पी–मार्क का एग्जिट पोल

टीएमसी को 118 से 138

भाजपा को 150 से 175 सीटें

प्रजा पोल का एग्जिट पोल

भाजपा –193

टीएमसी–100

प्रजा पोल का एग्जिट पोल

प्रजा पोल के एग्जिट पोल में भी भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने के संकेत हैं। भाजपा को यहां 193 सीटें और टीएमसी को 100 सीटें मिल सकती हैं। बंगाल में 294 विधानसभा सीटें हैं और बहुमत का आंकड़ा 148 है।

मालूम हो कि भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चरणों में ताबड़तोड़ रैलियां बंगाल में की हैं। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने खुद बंगाल में 15 दिनों के लिए डेरा डाला। बंगाल विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों में रिकॉर्ड मतदान हुआ, इसका भी असर चुनाव परिणाम में पड़ता दिख रहा है। बंगाल चुनाव के पहले चरण में 93 फीसदी और दूसरे चरण मे 90 फीसदी वोटिंग हुई है। बंगाल में एसआईआर के बाद पहली बार हो रही वोटिंग में हिस्सा लेने के लिए प्रवासी बंगाली बड़े पैमाने पर राज्य में लौटे थे। उन्हें डर था कि कहीं उनका वोट न कट जाए। वहीं भ्रष्टाचार, आरजीकर केस, सिंडिकेट और कानून–व्यवस्था को भाजपा ने बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था। बंगाल में भाजपा ने कोलकाता में ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरने की रणनीति बनाई। पिछली बार नंदीग्राम सीट पर ममता बनर्जी को हराने वाले शुभेंदु अधिकारी को इस बार भाजपा ने भवानीपुर सीट से भी ममता के खिलाफ मैदान में उतारा। यही वजह रही कि ममता बनर्जी को भवानीपुर सीट पर काफी मेहनत करनी पड़ी।

# ईरान-लेबनान को जीतने चले नेतन्याहू अपने ही देश में हार जाएंगे?


फरीद वारसी

इजरायल के दो सैनिकों ने हाल ही में लेबनान के अंदर ऐसी गिरी हुई हरकत की थी अब खुद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को एकता का संदेश देने आगे आने पड़ा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार, 26 अप्रैल को इजरायली रक्षा बलों में सेवा दे रहे तमाम ईसाई सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकत का एक वीडियो भी शेयर किया और कहा कि इजरायल पूरे मिडिल ईस्ट में ईसाइयों के अधिकारों के लिए लड़ रहा है। सवाल है कि आखिर नेतन्याहू को खुद सामने आकर यह बात क्यों कहनी पड़ी है। चलिए इस आलेख के माध्यम से हम आपको यह पूरा विवाद बताते हैं। जंग के बीच दक्षिण लेबनान के एक ईसाई गांव (डेबेल) में एक इजरायली सैनिक द्वारा ईसा मसीह (जीसस क्राइस्ट) की मूर्ति को हथौड़े से तोड़ने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इससे पूरी दुनिया के ईसाइयों में भारी नाराजगी फैल गई थी। फोटो में एक इजराइली सैनिक हथौड़े से सूली पर चढ़े ईसा मसीह की मूर्ति के सिर पर वार करता दिख रहा था। विवाद शुरू होने के बाद जांच बैठी तो इस फोटो को सही पाया गया। आखिर में जांच के नतीजे जारी करते हुए इजरायली सेना ने कहा कि "जिस सैनिक ने ईसाई प्रतीक को नुकसान पहुंचाया और जिसने उसकी फोटो ली, दोनों को लड़ाई की ड्यूटी से हटाया जाएगा और 30 दिन की सैन्य हिरासत दी जाएगी।" सेना ने यह भी कहा कि छह अन्य सैनिक, जो मौके पर मौजूद थे और जिन्होंने न तो इसे रोका और न ही रिपोर्ट किया, उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। वहीं अब बात इजरायल की घरेलू राजनीति की तो मालूम हो कि इजरायल के पूर्व प्रधानमंत्री नताली बेनेट और यायर लैपिड ने बीते रविवार को अपनी राजनीतिक पार्टियों को मिलाकर एक नई पार्टी बनाने का ऐलान किया। इस नई पार्टी का नाम "टुगेदर' रखा गया है जिसका नेतृत्व खुद बेनेट करेंगे। इसका मकसद आने वाले चुनावों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से हटाना है। द जेरूसलम पोस्ट के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच यह समझौता बीते दिनों तय हुआ। दोनों नेताओं ने पुष्टि की कि उनकी पार्टियां यानी येश अतीद और बेनेट अब टुगेदर पार्टी के तले एक होंगी और 2026 का चुनाव एक साथ मिलकर लड़ेंगी। मालूम हो कि चुनाव अक्टूबर तक होने वाले हैं, और इस नई पार्टी से इजरायल की राजनीति में बड़ा बदलाव आ सकता है, क्योंकि इससे विपक्ष मजबूत होगा। एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पार्टी की घोषणा करते हुए बेनेट ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा, "मैं हमारे देश के लिए सबसे जायनिस्ट और सबसे देशभक्त कदम उठा रहा हूं," और यह भी कहा कि "अब बंटवारे का दौर खत्म हो गया है। "लैपिड ने भी यही बात दोहराई और बीच के राजनीतिक विचार वाले मतदाताओं से इस नई पार्टी का




समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा, "चुनाव जीतने के लिए पूरे इजरायली सेंटर को नताली बेनेट के साथ आना होगा।" उन्होंने हंगरी के हालिया चुनावों का उदाहरण दिया, जहां एकजुट विपक्ष ने जीत हासिल की है। इस नई पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह सिर्फ जायनिस्ट विपक्षी पार्टियों के साथ ही गठबंधन करेगी और अरब पार्टियों के साथ सरकार नहीं बनाएगी। बेनेट ने कहा कि अगर वे सत्ता में आए, तो 7 अक्टूबर के हमलों की जांच के लिए एक राष्ट्रीय आयोग बनाया जाएगा, सभी के लिए अनिवार्य सेना भर्ती कानून लाया जाएगा, और प्रधानमंत्री के लिए 8 साल की सीमा तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे सिविल मैरिज और समलैंगिक विवाह को आगे बढ़ाएंगे, साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देंगे। बेनेट ने कहा, "हम अपने देश की जमीन की रक्षा करेंगे और दुश्मन को एक सेंटीमीटर जमीन भी नहीं देंगे। " दोनों नेताओं ने गादी आइजेनकोट, जो याशार पार्टी के प्रमुख हैं, को भी इस पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया। बेनेट ने कहा, "हमारा दरवाजा आपके लिए खुला है," जिससे पता चलता है कि विपक्ष को और मजबूत करने की कोशिश जारी है। विपक्षी नेताओं ने इस कदम का स्वागत किया और इसे एकता की दिशा में बड़ा कदम बताया। जबकि नेतन्याहू की सरकार के सहयोगियों ने इसकी आलोचना की और बेनेट और लैपिड की पुरानी सरकार का जिक्र किया, जिसमें रआम पार्टी भी शामिल थी। इजरायली मीडिया के हालिया सर्वे के अनुसार, बेनेट का गठबंधन और नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के बीच कड़ी टक्कर है। जबकि लैपिड की येश अतीद पार्टी का समर्थन घट रहा है। बेनेट और लैपिड पहले भी 2019 से 2021 के बीच कई चुनावों के बाद एक साथ सरकार चला चुके हैं। उनकी यह सरकार एक साल के अंदर गिर गई, जिसके बाद 2022 में नेतन्याहू फिर से सत्ता में आ गए।

# गुजरात निकाय चुनाव-भाजपा के गढ़ में अखिलेश और औवेसी ने चौकाया


शबाब हुसैन

गुजरात में एक बार फिर भाजपा का परचम लहराया है। सूरत, राजकोट, वडोदरा और अहमदाबाद समेत राज्य की सभी 15 महानगरपालिकाओं में भारतीय जनता पार्टी को शानदार जीत मिली है। राजकोट महानगरपालिका की कुल 72 सीटों में भाजपा ने 65 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत हासिल किया है। कांग्रेस को यहां 7 सीटें मिली हैं। वडोदरा महानगरपालिका की 76 सीटों में से भाजपा ने 49 सीटें जीती हैं, कांग्रेस को 6 सीटें मिली हैं, जबकि 1 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि निकाय चुनावों में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने जीत का परचम लहराया है और राज्य की सभी 15 नगरपालिकाओं में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी है, वहीं आम आदमी पार्टी को इस बार बड़ा झटका लगा है। पिछली बार सूरत में आम आदमी पार्टी को 27 सीटें मिली थीं और वह मुख्य विपक्षी पार्टी बनी थी, लेकिन इस बार अब तक आए नतीजों में पार्टी को कोई खास सफलता नहीं मिलती दिख रही है। इसके अलावा राज्य की नगरपालिकाओं, तहसील पंचायतों और जिला पंचायतों में भी भाजपा ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए ज्यादातर जगहों पर जीत दर्ज की है। हालांकि कुछ स्थानों पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी सफलता




मिली है। वहीं, भाजपा को वडोदरा जिले की डभोई नगर पालिका में 9 वार्ड की कुल 36 सीटों पर भाजपा को 15 और कांग्रेस को 21 सीटों पर जीत मिली। यह इलाके गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री चिमनभाई पटेल के क्षेत्र संखेड़ा से लगा हुआ है। उनके बेटे सिद्धार्थ पटेल यहां से विधायक रह चुके हैं। गौरतलब है कि गुजरात को भारतीय जनता पार्टी का अभेद्य किला माना जाता है। 2026 के स्थानीय निकाय चुनावों के अब तक के रुझान और परिणाम भी काफी हद तक इसी बात पर मुहर लगा रहे हैं कि राज्य की सत्ता पर भाजपा की पकड़ बेहद मजबूत है। हालांकि, इन नतीजों के बीच एक दिलचस्प तस्वीर उभरकर सामने आई है। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) और असदुद्दीन ओवैसी की एमआईएमआईएम ने भाजपा के इस गढ़ में न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, बल्कि कुछ प्रमुख सीटों पर जीत हासिल कर चौंका भी दिया है। पोरबंदर जिले की कुटियाना नगरपालिका में एक बार फिर वही हुआ जिसकी उम्मीद की जा रही थी। विधायक कंधल जडेजा की इस प्रतिष्ठा की लड़ाई में विपक्षी दलों को करारी शिकस्त मिली है। कुटियाना नगरपालिका के वार्ड नंबर 6 के नतीजों में समाजवादी पार्टी के बैनर तले चुनावी मैदान में उतरीं रभीबेन कानाभाई रायगा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। स्थानीय स्तर पर यह माना जाता है कि कुटियाना में कंधल जडेजा के पैनल के खिलाफ चुनाव काफी मुश्किल रहता है. भाजपा और कांग्रेस ने यहां अपनी पूरी ताकत झोंकी थी, लेकिन जडेजा के मजबूत जमीनी नेटवर्क और रणनीतिक कौशल के आगे कोई भी टिक नहीं पाया। केवल कुटियाना ही नहीं, बल्कि खेड़ा जिले की काठलाल नगरपालिका में भी समाजवादी पार्टी ने अपनी धमक दिखाई है। काठलाल के वार्ड नंबर 4 में सपा उम्मीदवार की जीत ने साबित कर दिया है कि इस इलाके में मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। दूसरी ओर, कच्छ के भुज में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एमआईएमआईएम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है. भुज नगर पालिका के चुनाव में पहली बार एमआईएमआईएम का खाता खुला है और उसके तीन उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज की है। भाजपा के वर्चस्व वाले इस क्षेत्र में पतंग का उड़ना यह संकेत देता है कि अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में मतदाताओं ने पारंपरिक दलों के बजाय नए विकल्पों को चुनना शुरू कर दिया है।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मतदाता इतनी बड़ी संख्या में क्यों निकल कर बाहर आए?

अजय दीक्षित

पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने भारतीय राजनीतिक इतिहास में पहली बार 92.55 फीसदी वोट करके रिकॉर्ड कायम कर दिया।इससे पहले 84.61 फीसदी मतदान का रिकॉर्ड था तब भी बंगाल में ही हुआ था। लेकिन राजनीति विश्लेषकों का मानना है कि बढ़ा हुआ मतदान एस आई आर ( मतदाता सूची के गहन परीक्षण) के कारण हुआ है क्योंकि बोगस मतदाता सूची से पृथक हो गया और बंगाल में 294 विधानसभा सीटों पर करीब नब्बे लाख मतदाता हटे इस कारण वोटिंग प्रतिशत पर घनात्मक परिवर्तन हुआ बताया जाता है कि बंगाल से बाहर गए लोग भी इस डर शत प्रतिशत वोट करने रेलगाड़ियों से आए कि उनका मतदाता सूची से नाम पृथक नहीं हो जाय और उनकी शासकीय योजनाओं में से नाम पृथक नहीं हो सकता है यहां तक कि उनका आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट समाप्त न हो जाएगा। सही बात भी मीडिया, राजनीतिक नेता नहीं कह रहे हैं कि भला हो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का जिन्होंने एस आई आर कराया और बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 2400 कंपनियों पैरा मिलिट्री फोर्स की मतदान केंद्र की सुरक्षा और निष्पक्ष मतदान के लिए लगाई जिन्होंने चुनावी हिंसा को रोका।इससे पहले बंगाल में रक्त रंजित ही चुनाव होते रहे थे।इसी सुरक्षा और एस आई आर के चलते रिकॉर्ड और शांति पूर्ण चुनाव हुआ है लेकिन असली बात कहने को कोई राजी नहीं है। वरना भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शिवेंदु सरकार को तुड़मूल कांग्रेस के गुंडों ने क्या हाल किया । हिमायु कबीर की किस तरह धुनाई की गई वह तो वहां पर सीआरपीएफ थी वरना तुड़मूल कांग्रेस के गुंडों ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। बिहार, महाराष्ट्र, असम, केरल, पांडिचेरी, हरियाणा,दिल्ली, तमिलनाडु में भी एस आई आर ने कमाल कर दिया है।चुनाव विशेषज्ञ यशवंत देशमुख का मानना है कि एस आई आर के विभिन्न राज्यों अच्छे परिणाम आए हैं और इस दिशा चुनाव आयोग ने उल्लेखनीय कार्य किया है। सूत्रों के मुताबिक अब भारत में जब सभी राज्यों में एस आई आर हो जाएगा तो एक स्थाई मतदाता सूची बन जाएगी जैसा अमेरिका, ब्रिटिश, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इटली सहित अनेक देशों में है। और यह सूची ऑनलाइन होगी।जब मतदाता फॉर्म 6,7,8 भरेगा उसका नाम विधानसभा क्षेत्र से पृथक उसकी चाही गई विधानसभा क्षेत्र में दर्ज कर दिया जाएगा। इससे नवीनतम जनगणना को भी लिंक किया जाएगा। भारत की आवादी का स्थाई अकड़ा निकल सकता है।जब नया मतदाता बनने के लिए कोई फॉर्म नहीं भेजा क्योंकि 18 वर्ष पूरे होने पर मतदाता स्वतरू ही बन सकता है। दूसरा सवाल यह है कि बढी संख्या में मतदान सत्ता विरोधी लहर के कारण भी हो सकता है।या सत्ता के पक्ष में भी हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी इस बढ़ें हुए मतदान को परिवर्तन मना रही है क्योंकि बंगाल विधानसभा में भाजपा नेता सुबेंदु अधिकारी, दिलीप घोष,कह रहे हैं कि कि सत्ता विरोधी लहर है।जबकि तुड़मूल कांग्रेस इसे बंगाली अस्मिता से जोड़ रही है।

# अपहरण की कोशिश नाकाम, घेराबंदी देख आरोपी ने छोड़ी बच्ची

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। एक दस वर्षीय बालिका को अज्ञात बाइक सवार द्वारा बहला–फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस और ग्रामीणों की त्वरित कार्रवाई के चलते बच्ची को करीब एक घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर लिया गया, जबकि आरोपी फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार बालिका शाम करीब साढ़े सात बजे अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित दादा की किराना दुकान पर पहुंची थी। इसी दौरान दादा नमाज पढ़ने चले गए। मौके का फायदा उठाते हुए एक युवक बाइक से वहां पहुंचा और बच्ची से गांव के एक डॉक्टर का पता पूछा। बातचीत के दौरान युवक ने बच्ची को अपने साथ चलकर रास्ता दिखाने के लिए राजी कर लिया और उसे बाइक पर बैठाकर ले गया। जब दादा वापस लौटे तो बच्ची दुकान पर नहीं मिली। परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई टीमों का गठन कर गांव व आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया। ग्रामीणों द्वारा की गई घेराबंदी और पुलिस की सक्रियता के दबाव में आरोपी ने बच्ची को पास के गांव मंगलखेड़ा के बाहरी क्षेत्र में छोड़ दिया और मौके से फरार हो गया। बच्ची सुरक्षित मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# ओवरटेक के दौरान भिड़ंत, दो की मौत, दो मासूम घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। धामपुर मार्ग पर ग्राम चंचलपुर के निकट मंगलवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार ससुर और बहू की मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार सरकथल सानी निवासी कैलाश सिंह (55), उनकी पुत्रवधू सरोज उर्फ गुड़िया (35), पौत्र अर्पित (9) और एक अन्य बालक वासु (5) बाइक से स्योहारा क्षेत्र के गांव अमीनाबाद में एक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान चंचलपुर के पास एक मालवाहक टाटा मैजिक वाहन से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा ओवरटेक करने के दौरान हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े, जबकि टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर एक कार से टकराने के बाद सड़क किनारे पलट गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा पहुंचाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान कैलाश सिंह और सरोज उर्फ गुड़िया ने दम तोड़ दिया। वहीं अर्पित को आईसीयू में भर्ती किया गया है, जबकि वासु का उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इस संबंध में मृतक के भाई ज्ञानचंद की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि आरोपी चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है तथा वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

# महिला आरक्षण के समर्थन में सड़कों पर उतरी महिलाएं

## – विपक्ष के खिलाफ किया प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। महिला आरक्षण के मुद्दे पर मंगलवार को शहर में महिलाओं ने पद यात्रा निकालकर अपनी आवाज बुलंद की। विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी इस पद यात्रा में बड़ी संख्या में




महिलाओं ने भाग लिया और विपक्षी दलों के रवैये पर नाराजगी जताई। कार्यक्रम की अगुवाई पालिका चेयरपर्सन इंदिरा सिंह, महिला आयोग सदस्य संगीता जैन अग्रवाल और क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर ने की। पद यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर पालिका चौक पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार सकारात्मक कदम उठा रही है, जबकि विपक्ष इस विषय पर सहयोगात्मक रुख नहीं अपना रहा है। हालिया संसदीय प्रक्रिया का हवाला देते हुए वक्ताओं ने विपक्ष की भूमिका पर सवाल उठाए। कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शनकारियों ने प्रतीकात्मक रूप से विरोध जताते हुए पुतला दहन किया। इस अवसर पर रचना पाल, सरिता सैनी, अलका बिश्नोई, मंजू मलिक, रेखा जोशी, मनोरमा शर्मा, शानू जंघाला, सरोज देवी, शिवानी शर्मा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# हाटा गांव में लगा सचल अस्पताल शिविर

## - ग्रामीणों को मिला मुत इलाज और दवा

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। मोहम्मदाबाद क्षेत्र के हाटा गांव स्थित नर्मदेश्वर



महादेव मंदिर परिसर में बुधवार को सुबह 10.30 बजे से सचल अस्पताल शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मनोज सिन्हा एवं रिलायंस फाउंडेशन के सौजन्य से संचालित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श तथा मुत दवा वितरण की सुविधा उपलब्ध ा कराई गई। आयोजनकर्ता समाजसेवी व ब्रह्महर्षी वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष विशाल राय ने बताया कि इस शिविर में आंख और कान से संबंधित उपचार की सुविधा उपलब्ध नहीं है। लाभार्थियों से अपील की गई कि दवा लेने आने वाले लोग अपना आधार कार्ड और मोबाइल नंबर साथ लेकर आएं, ताकि पंजीकरण प्रक्रिया आसानी से पूरी हो सके। ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील भी की गई। शिविर में मौजूद चिकित्सक डॉ. राज पाण्डे ने बताया कि खबर लिखे जाने तक करीब 60 से 65 लोगों का इलाज किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शाम तक मरीजों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। शिविर में उनके सहयोगी चंदा और जितेन्द्र भी मौजूद रहे। गांव में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने पहुंचे। इस मौके पर अरुण राय, रामानुज राय, प्रेमलाल श्रीवास्तव, दिनेश राय, मिंटू राय, व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस का लैग मार्च, सुरक्षा का भरोसा, उपद्रवियों को कड़ी चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली, बिजनौर। क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को और सु.ढ़ करने के उद्देश्य से थाना मंडावली पुलिस ने व्यापक लैग मार्च निकालकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस दौरान पुलिस बल ने प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए आमजन में सुरक्षा का संदेश दिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में निकले इस मार्च में पुलिस कर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात दिखाई दिए। मार्च के दौरान लोगों से सीधे संवाद कर उन्हें आश्वस्त किया गया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे बिना किसी डर के अपने दैनिक कार्य करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। साथ ही सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून



व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लैग मार्च के बाद क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है और लोगों ने राहत महसूस की है।

# पुलिस लाइन सभागार में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। पुलिस लाइन



सभागार में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न हुई जो आलोक सिंह एडिशनल एसपी उत्तरी के सानिध्य में हुई जिसमें नवागत सीओ सिटी कपूर कुमार से सभी व्यापारियों का परिचय हुआ एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर फरीद अहमद तथा इंस्पेक्टर क्राइम देवीदत्त की उपस्थिति रही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष सुशील अग्रवाल द्वारा सुरक्षा प्रकोष्ठ बैठक में व्यपारियो एवं नागरिको से संबंधित कई मुद्दों को जोर–जोर से उठाया गया जैसे कैंची पुल पर अंधेरा रहता है जिससे गाड़ियां भिड़ जाती हैं तथा पड़ाव रोड पर अतिक्रमण के कारण आवागमन सुलभता से नहीं हो पता। ई रिक्शा लोडर को पुलिस लाइन गेट से व्यापारियों के समान हेतु संचालन हेतु अनुमति देने के लिए कहा गया जिसे ट्रैफिक इंस्पेक्टर फरीद अहमद ने अनुमति देने छोटे हनुमान मंदिर के मंदिर के पास पुराने पंजाब नेशनल बैंक के बीच में पार्किंग को आवागमन हेतु व्यवस्थित करने के लिए भी कहा एनएच 24 पर बिसवां मोड के बाद कट को सही करने के लिए भी एडिशनल एसपी ने रोड को चौड़ी कर नोएडा की तरह कट बनाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया बैठक में महामंत्री मगोपाल दारू का कोषाध्यक्ष मनीष मिश्रा रिंकू उपाध्यक्ष अरविंद चौरसिया नगर अध्यक्ष अभिनव बंसल नगर अध्यक्ष युवा सनी साहू अंकुर साहू पुराना सीतापुर अध्यक्ष सलीम नूरी आदि उपस्थित रहे।

# शुगर मिल टीम का खेतों में निरीक्षण, गन्ना फसल सुधार के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं विभागाध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने जॉन नहटौर के ग्राम फतेहपुर असल, सीकरी व फुलसन्दा आदि क्षेत्रों का दौरा कर बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं पेड़ी गन्ने की फसल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेड़ी गन्ने में वाटर शूट अधिक मात्रा में पाए गए, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से इन्हें कटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गन्ने की बेहतर वृद्धि और उत्पादन के लिए समय पर उचित प्रबंधन बेहद जरूरी है। इस दौरान उन्होंने गन्ना फसल को टॉप बोरर जैसे कीटों से बचाने के लिए सीटीपीआर, कोराजन, नेटजन एवं बोलियम की ड्रेंचिंग कराने के निर्देश भी दिए, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके। भ्रमण के दौरान फील्ड सुपरवाइजर नृपेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे।




# थाना प्रभारी की सक्रियता से फायरिंग के बाद हालात काबू में

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली–बिजनौर। एक



कार्यक्रम के दौरान अचानक दो पक्ष आमने–सामने आ गए और देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इसी दौरान हुई फायरिंग में एक युवक घायल हो गया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि श्यामीवाला गांव निवासी 22 वर्षीय अदनान एक दुकान के उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचा था। कार्यक्रम के दौरान ही कुछ अन्य युवकों के साथ उसकी कहासुनी हो गई। मामूली विवाद बढ़ते–बढ़ते मारपीट में तब्दील हो गया और हालात बिगड़ने पर फायरिंग हो गई। फायरिंग के दौरान चली गोली अदनान के पैर में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद कार्यक्रम स्थल पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया और लोग इधर–उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर पहुंचाया और वहां के माहोल को संभला , जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक घटना के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है, हालांकि अभी तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और संबंधित युवकों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की तैयारी में जुटी है।

# इलाही बख्श इंटर कालेज में मेधावियों का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। इलाही बख्श इंटर कालेज इटारी में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में अजीमुस्सान



ने 84.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान, मालती प्रसाद ने 84.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान और विवेक त्रिपाठी ने 84.00 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं में जैनब अनीस ने 80.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके बालिका वर्ग में प्रथम स्थान और जिज्ञासा ने 80. 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इंटरमीडिएट परीक्षा में सुधा कश्यप ने 79.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान, विद्यांशु ने 71.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और सुषमा देवी ने 70.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक, एखलाक हुसैन, अध्यक्ष, इरफान आविद अंसारी, प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार और पवन कुमार सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बच्चों के मनोरंजन व मानसिक उत्साह के लिए मैजिक शो का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। तहसील क्षेत्र के खानपुर सादात स्थिति प्रतिष्ठित संस्थान अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल में बच्चों के मनोरंजन और मानसिक उत्साह के लिए एक भव्य मैजिक शो का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मेरठ से आए मशहूर जादूगर सम्राट वर्मा ने अपनी कला से बच्चों और स्टाफ को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्या कमल शर्मा, डायरेक्टर डा हर्ष पुरी और अदिति टंडन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या कमल शर्मा ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ–साथ पाठ्येतर गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रशासन



बच्चों के उज्जवल भविष्य और उनके व्यक्तित्व निर्माण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। डायरेक्टर डॉक्टर हर्ष पुरी ने कहा कि अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल का मुख्य उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। मैजिक शो जैसे कार्यक्रमों का आयोजन बच्चों की कल्पना शक्ति और मानसिक सक्रियता को बढ़ाने के लिए किया जाता है। हमारा मानना है कि जब बच्चा मानसिक रूप से खुश और जिज्ञासु होता है, तभी वह शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्.ष्ट प्रदर्शन कर पाता है। विद्यालय बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के तालमेल पर विशेष ध्यान दे रहा है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। हम निरंतर ऐसी गतिविधियों और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपना रहे हैं जो छात्रों की प्रगति के नए द्वार खोलें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा, जिनमें मुख्य रूप से संस्कार मेहरोत्रा, अंशिका, नीलम तिवारी, एकता, गुंजन, चंचल, रोहित आदि लोग शामिल रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# ब्लैकमेल कर युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता लखनऊ। थाना आशियाना पुलिस ने युवती को ब्लैकमेल कर आत्महत्या के लिए विवश करने के मामले में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को हिरासत में लिया।पुलिस के अनुसार दिनांक 27 अप्रैल 2026 को वादी विकास, निवासी सदर बाजार नई बस्ती थाना कैन्ट लखनऊ द्वारा लिखित तहरीर देकर सूचना दी गई थी कि उनकी पुत्री को एक युवक द्वारा ब्लैकमेल किया जा रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने के लिए विवश हो गई। इस सूचना के आधार पर थाना आशियाना में मुकदमा संख्या 114/2026 धारा 108 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत अभियुक्त सुहैब अख्तर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक शुभम मेहंदियान द्वारा की जा रही थी।घटना के अनावरण के लिए थाना आशियाना पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दिनांक 28 अप्रैल 2026 को बीबीएयू विश्वविद्यालय के पास शहीद पथ किनारे से नामजद अभियुक्त शोएब अख्तर पुत्र जावेद अख्तर, निवासी मकान संख्या 34 जय राजपुरी हाइड्रिल कॉलोनी थाना सरोजनीनगर, जनपद लखनऊ, उम्र लगभग 23 वर्ष को समय करीब 7रू20 बजे हिरासत में ले लिया।गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मामले की विवेचना जारी है तथा आवश्यक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चेन व मोबाइल छिनैती करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, छीनी गई चेन का टुकड़ा बरामद

संवाददाता लखनऊ। थाना आशियाना पुलिस ने महिला के गले से चेन खींचकर भागने तथा युवती का मोबाइल छीनने की घटनाओं में शामिल एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से छीनी गई चेन का एक टुकड़ा भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 03 मार्च 2026 को वादी सर्वोत्तम सिंह,



निवासी इंद्रलोक कॉलोनी थाना कृष्णानगर, लखनऊ द्वारा थाना आशियाना में लिखित सूचना दी गई थी कि एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक उनकी माता के गले से चेन खींचकर फरार हो गया। इस सूचना के आधार पर थाना आशियाना में मुकदमा संख्या 59/2026 धारा 304(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।इसके अतिरिक्त दिनांक 02 अप्रैल 2026 को वादिनी प्रतिष्ठा शुक्ला, निवासी रजनीखंड शारदानगर, लखनऊ द्वारा सूचना दी गई कि दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उनका मोबाइल छीन लिया। इस संबंध में थाना आशियाना पर मुकदमा संख्या 89/2026 धारा 304(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। दोनों घटनाओं की विवेचना उपनिरीक्षक अग्रचारी यादव द्वारा की जा रही थी। घटनाओं के अनावरण के लिए थाना आशियाना पुलिस टीम द्वारा आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें अभियुक्तों को चेन और मोबाइल छीनते हुए देखा गया। सुरागरसी व मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने 28 अप्रैल 2026 को देवीखेड़ा से ईको गार्डन जाने वाली रोड पर करीब 9रू40 बजे आदित्य रावत पुत्र राधेश्याम रावत, निवासी किला मोहम्मदी नगर थाना आशियाना, लखनऊ, उम्र लगभग 23 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा संख्या 59/2026 से संबंधित छीनी गई चेन का लगभग 1.320 ग्राम वजन का पीली धातु का टुकड़ा बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसने अपने साथी अर्जुन रावत के साथ मिलकर मोबाइल छीना था, जो छीने जाने के दौरान सड़क पर गिरकर टूट गया था, इसलिए उसे वहीं फेंककर दोनों फरार हो गए थे। पुलिस के अनुसार सह अभियुक्त अर्जुन रावत को थाना पीजीआई पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।बरामदगी के आधार पर मुकदमा संख्या 59/2026 में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अपने खर्च पूरे करने के लिए रात के समय मोबाइल और चेन छिनैती की घटनाएं करता था।पुलिस ने बताया कि दोनों घटनाओं का सफल अनावरण कर लिया गया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# हनुमान मंदिर पर लगा वाटर कूलर, भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत

## - एनसीपी नेता की पहल, लहरपुर क्षेत्र में जनसंपर्क भी तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, लहरपुर। जनपद की लहरपुर विधानसभा क्षेत्र (148) में भीषण गर्मी को देखते हुए



आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गोडयनपुरवा चौराहे स्थित हनुमान मंदिर परिसर में वाटर कूलर स्थापित कराया गया। यह पहल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधानसभा प्रभारी व प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह द्वारा की गई। वाटर कूलर लगने से क्षेत्र के राहगीरों, दुकानदारों और आसपास के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में यह व्यवस्था काफी राहत देने वाली है।

प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्य कोई नया नहीं है, बल्कि वे पिछले कई वर्षों से गर्मी में पेयजल की व्यवस्था, बाढ़ के समय राहत सामग्री वितरण और सर्दियों में जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराने जैसे जनसेवा कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क भी किया जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। यदि उत्तर प्रदेश में गठबंधन होता है तो लहरपुर विधानसभा सीट से गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा जाएगा, अन्यथा राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर लहरपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिलाध्यक्ष ललित सिंह वकील अहमद संतोष रस्तोगी नसीम गाजी प्रदीप यादव मनोज यादव अनुज निषाद अंकुल यादव अजय निषाद रामखेलावन यादव चमनं चौरसिया अनुज मिश्रा त्रिपुरेश अरविन्द आदि कार्यकर्ता और जनता मौजूद रहीं।

# डीएम व एसएसपी ने गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

## - 6000 कुन्टल से अधिक भूसा किया एकत्रित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। गोवंशों के बेहतर भरण–पोषण और गौशालाओं में चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रमेश रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में भूसे से भरी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष अभियान के दौरान जनपद के प्रगतिशील किसानों, विभिन्न सरकारी विभागों के सहयोग से 6000 कुन्टल से अधिक का भूसा दान स्वरूप प्राप्त हुआ। यह भूसा जनपद की विभिन्न गौशालाओं में भेजा जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा प्रगतिशील किसानों और प्रबुद्ध जनों से भूसा दान करने हेतु विशेष अनुरोध किया गया था। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रगतिशील किसानों ने इस अपील को सहज स्वीकार किया, छोटे अंशदान और सामूहिक अंशदान का परिणाम है कि आज इतनी बड़ी मात्रा में भूसा एकत्रित हो सका है, यह दान को गौवंशों के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है। अभियान के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए जिलाधिकारी में जोर दिया कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य सुनिश्चित करना है कि जनपद की किसी गौशाला में गौवंशों को चारे की कमी न होने पाए, उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और प्रशासनिक



सहयोग की अपेक्षा की, ताकि निराश्रित गोवंशों की उचित देखभाल की जा सके। इस अवसर पर प्रमुख दानदाता किसानों में राजेश कुमार, सतेन्द्र पाल सिंह, अवधेश पाल सिंह, रामसनेही, डूमर सिंह,, चतुरी सिंह, जगतसेठ शामिल रहे।

# डीएम ने सांथी में निर्माणाधीन राजकीय बालगृह का किया निरीक्षण



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ विकास खंड हाथवंत के ग्राम सांथी में निर्माणाधीन 100 क्षमता वाले राजकीय बालगृह का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया तथा कार्यदायीं संस्था को इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु कड़े निर्देश दिए। परियोजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बालगृह का निर्माण आगामी दिसंबर माह से पूर्व हर हाल में हो जाना चाहिए, इसके लिए उन्होंने कार्यदाई संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 को एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करने और साइट पर मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि कार्य की गति में तेजी आ सके, यह महत्वपूर्ण परियोजना कुल 14 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से तैयार की जा रही है। फरवरी माह में इसका शिलान्यास कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या और सदर विधायक मनीष असीजा ने किया था, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी का एक संवेदनशील और मानवीय पहलू भी सामने आया, बढ़ती गर्मी के .ष्टिगत उन्होंने इस साइट पर कार्यरत् मजदूरों के हितों का ध्यान रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वहां पर कार्यरत् श्रमिकों के लिए शीतल पेयजल एवं अन्य सुविधाओं की तत्काल व्यवस्था की जाए, निरीक्षण के दौरान जिला प्रोवेशन अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी ने मनोज मिश्रा को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया, संगठन विस्तार को मिलेगी नई गति

संवाददाता लखनऊ । आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश ने अपने संगठनात्मक विस्तार को आगे बढ़ाते हुए व्यापार प्रकोष्ठ को नई दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह की स्वीकृति से मनोज मिश्रा को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी ने इस नियुक्ति के माध्यम से प्रदेश के व्यापारी वर्ग के मुद्दों को मजबूती से उठाने और संगठन को जमीनी स्तर तक विस्तार देने का स्पष्ट संकेत दिया है। आम आदमी पार्टी लगातार प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और समाज के प्रत्येक वर्ग तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है। इसी क्रम में व्यापार प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी मनोज मिश्रा को सौंपा जाना एक रणनीतिक और दूरगामी महत्व का कदम माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि प्रदेश में व्यापारियों के सामने बढ़ती समस्याएंकृजैसे कर व्यवस्था से जुड़ी जटिलताएं, प्रशासनिक दबाव, भ्रष्टाचार और असुरक्षाकृको लेकर एक सशक्त मंच की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे अब और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने इस नियुक्ति पर कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा से व्यापारियों के हितों की आवाज उठाती रही है और आने वाले समय में इस संघर्ष को और अधिक तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन को हर जिले और हर बाजार तक मजबूत किया जाएगा, ताकि व्यापारियों की समस्याओं को सीधे सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जा सके और उनके समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए जा सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी व्यापारियों पर हो रहे किसी भी प्रकार के अन्याय और शोषण के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियां सदैव जनहित और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर आधारित रही हैं और वह इन्हीं मूल्यों को आधार बनाकर प्रदेश के व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए सतत प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार प्रकोष्ठ को हर जिले और हर बाजार तक सुदृढ़ बनाया जाएगा, ताकि व्यापारी




वर्ग की समस्याओं का समाधान प्रभावी और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश का व्यापारी वर्ग अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन उनकी आवाज को गंभीरता से सुनने वाला कोई सशक्त मंच उपलब्ध नहीं है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी इस स्थिति को बदलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और व्यापारियों को एक मजबूत राजनीतिक एवं सामाजिक मंच प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाएगी।पार्टी की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह नियुक्ति केवल संगठन विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस रणनीति के अंतर्गत व्यापारी, किसान, युवा और शिक्षक सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने तथा उनकी समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाने का संकल्प लिया गया है। पार्टी ने संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में व्यापारियों के मुद्दों को लेकर प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा।

# बहन की पिटाई से हुई मृत्यु के मामले में बहनोई गिरफ्तार

संवाददाता लखनऊ। मदेयगंज क्षेत्र में महिला के साथ मारपीट के दौरान गंभीर चोट लगने से हुई मृत्यु के मामले में पुलिस ने आरोपी बहनोई को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार 29 अप्रैल 2026 को सोनू पुत्र छोटे लाल निवासी नया पुरवा, परचून की दुकान के पास, सीतापुर मार्ग केशवनगर पुलिस चौकी क्षेत्र, मदेयगंज द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि आरोपी ने उसकी बहन राधा, उम्र लगभग 27 वर्ष, के साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर और मुंह पर गंभीर चोटें आईं। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।प्राप्त




प्रार्थना पत्र के आधार पर मदेयगंज क्षेत्र में तत्काल मामला संख्या 0054/2026 धारा 105 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी द्वारा की जा रही है।पुलिस के अनुसार 29 अप्रैल 2026 को पुलिस दल वादी सोनू को साथ लेकर आरोपी की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दे रहा था। इसी दौरान आरोपी के बताए गए पते धोबी घाट बैरल संख्या–02 शिवनगर खदरा क्षेत्र में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। वादी ने उसकी पहचान अपने बहनोई मोनू रावत के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने तत्काल उसे मौके से पकड़ लिया।पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम मोनू रावत पुत्र मुन्ना रावत, उम्र 32 वर्ष, निवासी धोबी घाट बैरल संख्या–02 शिवनगर खदरा, मदेयगंज बताया। पुलिस ने उसे उसके द्वारा किए गए अपराध से अवगत कराते हुए विधिक प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध दर्ज मामले में आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थानों और इकाइयों से जुटाई जा रही है।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी, आरक्षी कुमार सानू तथा आरक्षी जयदेव शामिल रहे।

## यशोधरा छात्रावास की छात्रा की मृत्यु पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने जताया शोक, जांच समिति गठित

संवाददाता लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने यशोधरा छात्रावास में रहने वाली समेकित विज्ञान स्नातक–स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा की दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल को दोपहर लगभग तीन बजे छात्रा ने बुखार की शिकायत की थी। इसके उपरांत छात्रा को विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श हेतु ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा आवश्यक जांच के बाद दवाइयां दी गईं तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुनः सूचित करने की सलाह दी गई। इसी दौरान छात्रा द्वारा अपने स्थानीय अभिभावक को भी सूचना दी गई थी। इसके पश्चात 20 अप्रैल को सायं पांच बजकर ग्यारह मिनट पर छात्रा ने 30 अप्रैल तक अवकाश का प्रार्थना पत्र देकर अपने स्थानीय अभिभावक के साथ छात्रावास से प्रस्थान किया।विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि छात्रा के परिजनों से लगातार संपर्क स्थापित कर उन्हें सांत्वना दी गई है तथा इस दुखद घड़ी में हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया गया है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ विद्यार्थियों द्वारा छात्रावास के भोजन को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने संबंधी आरोप लगाए गए हैं, जिनका संज्ञान लिया गया है।इस संबंध में प्रशासन ने बताया कि 20 अप्रैल से अब तक यशोधरा छात्रावास की अधीक्षिका को किसी भी छात्रा द्वारा छात्रावास के भोजन के कारण स्वास्थ्य खराब होने से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। प्रशासन के अनुसार छात्रावास में भोजन व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है और सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के प्रयास किए जाते हैं।प्रशासन ने यह भी कहा है कि कुछ शरारती तत्व इस दुखद घटना को आधार बनाकर भ्रामक जानकारी फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को गुमराह कर विश्वविद्यालय परिसर में अव्यवस्था उत्पन्न की जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें और किसी समस्या की स्थिति में सीधे प्रशासन को अवगत कराएं।उक्त घटना के संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एक जांच समिति का गठन किया गया है, जो 28 अप्रैल की रात्रि में घटित घटनाक्रम सहित पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच करेगी। जांच के दौरान यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष पाया जाता है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुनः इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत छात्रा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक ने चिकित्सालय पहुंचकर पूर्व मंत्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर का हालचाल जाना

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के साथ किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ पहुंचकर उपचाराधीन पूर्व मंत्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर से भेंट कर उनका हालचाल जाना तथा कुशलक्षेम की जानकारी प्राप्त की।उप मुख्यमंत्रीगण ने चिकित्सकों से नरेन्द्र कुमार सिंह गौर के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उनके उपचार से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने चिकित्सालय प्रशासन से कहा कि उन्हें बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी न रहने दी जाए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पूर्व मंत्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने उनके परिजनों से भी भेंट कर उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस कठिन समय में उनके साथ है और हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है।उप मुख्यमंत्रीगण ने चिकित्सकों से कहा कि रोगी के स्वास्थ्य पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा उपचार की प्रत्येक प्रक्रिया को गंभीरता के साथ संपादित किया जाए, जिससे शीघ्र स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित हो सके।

# सुकून की आड़ में सौदा : स्पा सेंटरों में धधक रहा जिस्मफरोशी का बाजार

## - खीरी प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा अवैध कारोबार

## - एक्स्ट्रा सर्विस के नाम पर परोसी जा रही है अश्लीलता

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। शहर की पॉश कॉलोनियों और मुख्य बाजारों में खुले मसाज पार्लर इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं। कहने को तो ये सेंटर लोगों की थकान मिटाने के लिए खोले गए हैं, लेकिन सूत्रों की मानें तो इन बंद दरवाजों के पीछे एक्स्ट्रा सर्विस के नाम पर देहव्यापार का काला खेल फल–फूल रहा है। ताज्जुब की बात यह है कि यह सब जिला प्रशासन और पुलिस की नाक के नीचे धड़ल्ले से जारी है। नियमों के मुताबिक किसी भी स्पा या मसाज सेंटर में काम करने वाले कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य है। लेकिन लखीमपुर के इन सेंटरों में बाहरी शहरों से बुलाई गई युवतियों का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। बिना किसी वैध दस्तावेज और वेरिफिकेशन के चल रहे ये सेंटर सुरक्षा व्यवस्था पर भी बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, इन सेंटरों पर आने वाले ग्राहकों को मसाज के नाम पर अंदर बुलाया जाता है और फिर मोटी रकम लेकर एक्स्ट्रा सर्विस (अनैतिक देहव्यापार) का विकल्प दिया जाता है। स्पा की आड़ में चल रहे इस गंदे धंधे ने शहर के सामाजिक माहौल को बिगाड़ कर रख दिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस को इन गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। बिना लाइसेंस और वेरिफिकेशन के ये सेंटर कैसे चल रहे हैं? क्या इन अड्डों को किसी रसूखदार का संरक्षण प्राप्त है? शहर के बीचों–बीच इस तरह की गतिविधियां चिंताजनक हैं। प्रशासन को चाहिए कि तत्काल सघन चेकिंग अभियान चलाकर इन सेंटरों के लाइसेंस और कर्मचारियों के वेरिफिकेशन की जांच करे और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर इन अड्डों को बंद कराए। जनता ने मांग किया कि खीरी पुलिस तत्काल संज्ञान ले और शहर की गरिमा को धूमिल करने वाले इन जिस्मफरोशी के अड्डों पर ताला लगाए। लखीमपुर की जनता अब इन मसाज सेंटरों की असलियत के खिलाफ आर–पार की कार्रवाई चाहती है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन : दो मामलों में सजा, अभियुक्तों पर जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत दो अलग–अलग मामलों में न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में दर्ज वर्ष 2016 के एक मामले में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट ने




अभियुक्त विवेक प्रताप सिंह को कोर्ट उठने तक की सजा और 2,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं वर्ष 2019 के एक अन्य मामले में इसी न्यायालय द्वारा अभियुक्त कोमल सिंह को कोर्ट उठने तक की सजा के साथ 2,100 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई प्रभावी पैरवी और साक्ष्यों के आधार पर संभव हो सकी, जो अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पुलिस की कार्रवाई, वारंटी सहित कई अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद पुलिस ने अलग–अलग थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर कई अभियुक्तों को गिरतार किया है। थाना चौबिया पुलिस ने वारंटी अभियुक्त सुबोधकान्त यादव को आर्म्स एक्ट के मामले में गिरतार किया। वहीं थाना कोतवाली पुलिस ने धारा 170, 126, 135 बीएनएसए के तहत कार्रवाई करते हुए राजीव उर्फ बन्टी भदौरिया और मुनीर अहमद को गिरतार किया। इसके अलावा थाना कोतवाली पुलिस ने वारंटी अभियुक्त लाला कुमार को आबकारी अधिनियम के तहत गिरतार किया। पुलिस की इस कार्रवाई को जनपद में कानून–व्यवस्था सु.ढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# स्वामियों की फिटनेस फतेहपुर की जगह फिर से बांदा में होगी

## – वाहन स्वामियों की समस्याओं को देखते हुए मैनुअल फिटनेस को पुनः किया बहाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सम्भागीय परिवहन कार्यालय पर एम–वाहन ऐप से मैनुअल रूप से हो रही व्यवसायिक वाहनों की फिटनेस को मोर्थ भारत सरकार द्वारा जनपद की वाहनों का फिटनेस हेतु एटीएस



फतेहपुर आवंटित करते हुए इस कार्यालय पर होने वाली फिटनेस को 05 जनवरी 2026 से बन्द कर दिया गया था। वाहन स्वामियों की समस्याओं को देखते हुए मोर्थ भारत सरकार के पत्र संख्या आरटी–23013, 06, 2026टी 27 अप्रैल द्वारा कार्यालय पर की जाने वाली मैनुअल फिटनेस को पुनः बहाल कर दिया गया है। अतः जनपद के समस्त व्यवसायिक, विद्यालय वाहन स्वामियों से अपील है कि अपनी फिटनेस समाप्त वाहनों का यथाशीघ्र सम्भागीय परिवहन कार्यालय में उपस्थित होकर फिटनेस कराना सुनिश्चित करें।

# बैंक के बाहर लापरवाही बनी मुसीबत, पचास हजार रुपये से भरा बैग चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती। स्थानीय मुख्यालय बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के बाहर एक व्यक्ति का पैसों से भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर मामले की जांच की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्याणपुर पंचायत के कल्हनुआ गांव निवासी सदन कुमार दास 28 अप्रैल 2026 को अपनी पत्नी के साथ बैंक पहुंचे थे। उन्होंने बैंक से लगभग 50 हजार रुपये की निकासी की। इसके बाद करीब 3 बजे दोनों पति–पत्नी बैंक के नीचे स्थित बाजार में पहुंचे, जहां उनकी मोटरसाइकिल पहले से खड़ी थी। बताया जाता है कि सब्जी खरीदने के दौरान सदन कुमार दास ने पैसों से भरा झोला मोटरसाइकिल के पास ही रख दिया। खरीदारी के बाद वे जल्दबाजी में घर लौट गए और झोला वहीं छूट गया। झोले में नकदी के अलावा बैंक पासबुक, पैन कार्ड, चेकबुक और आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज भी रखे हुए थे। घर पहुंचने के बाद जब उन्हें झोले के बारे में याद आया तो वे तुरंत वापस बाजार पहुंचे, लेकिन तब तक बैग गायब हो चुका था। काफी खोजबीन के बावजूद बैग का कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर बैंक और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपी की पहचान करने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक और बाजार क्षेत्र में अक्सर भीड़भाड़ रहती है, जिससे ऐसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और नियमित निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# डीएम ने ली उद्योग बंधु की बैठक आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ–साथ प्रमुख उद्योगपतियों ने भी प्रतिभाग किया, इस बैठक में सर्वप्रथम यूपीडा द्वारा विकसित किए जा रहे औद्योगिक गलियारे के संबंध में समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित उद्योगपतियों से अपील की अधिक से अधिक यहां जमीन खरीदें, जिससे इस औद्योगिक गलियारे को ज्यादा से ज्यादा विकसित किया जा सके, यूपीडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र जलेसर रोड में बाउंड्री बॉल बनाए जाने का प्रकरण उठा, जिस पर जिलाधिकारी ने यूपीडा को निर्देशित किया कि यहां पर बाउंड्री बाल शीघ्र निर्मित कराएं, इसके साथ ही ककरऊ कोठी से जिला कारागार तक 60 नग स्ट्रीट लाइटों को लगवाये जाने का मुद्दा उठा। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि नगर पंचायत या नगर निगम से समन्वय बनाकर इस कार्य को कराएं, बैठक के दौरान विशेष रूप से श्रम विभाग द्वारा संचालित योजना प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित और प्रसारित कराएं, जिससे इसका लाभ श्रमिकों को मिल सके, सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि जो श्रमिक 2025 से 2027 तक नौकरी कर रहा है या किया है या इस दौरान 6 माह उपस्थित रहकर कार्यरत रहा है, तो उसे 015000 दो किस्तों में दिया जाएगा, जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी उद्यमियों से अपील की है कि वह कार्यस्थल पर श्रमिकों हेतु पेयजल की व्यवस्था करें, रेस्ट रूम बनाएं, वेतन की पर्ची उन्हे दें, सभी श्रमिकों का नाम रजिस्टर में अंकित हो, ओवर टाइम में दुगनी मजदूरी दी जाए, इसका पालन प्रत्येक उद्योगपति अनिवार्यता के साथ करें। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त उद्योग ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि इस योजना के तहत 2025–26 को जनपद को आवंटित कुल 1900 का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 539 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना युवाओं को रोजगारपरख बनाती है, इसलिए इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा युवाओं को दिलाएें, जिससे जनपद के युवा अपना स्वरोजगार शुरू कर सकें और अपने पैरों पर खड़े हो सके। जिलाधिकारी ने उद्योगपतियों से कहा कि जिला प्रशासन उद्यमियों के साथ एक सहयोगी के रूप में खड़ा है हमारा लक्ष्य जिले में एक बेहतर इज ऑफ डूइंग बिजनेस का माहौल तैयार करना है, सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि औद्योगिक विकास की राह में कोई बाधा ना आए।




# एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिन पर प्रभावी और



गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों से वार्ता कर मामलों के शीघ्र समाधान के लिए कहा गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण उनकी प्राथमिकता है।

# ज्ञानस्थली विद्यालय में मेधावी छात्रों का सम्मान, 100 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

न्यूज वाणी ब्यूरो/करवाखेड़ा, इटावा। ज्ञानस्थली विद्यालय में मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय समिति के चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने की। प्रातः सभा के बाद मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा, जिस पर मेधावी छात्रों को मेडल पहनाकर, मिठाई खिलाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने कहा कि मेधावी छात्र केवल अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि भविष्य के जिम्मेदार



नागरिक भी होते हैं। उन्होंने छात्रों की मेहनत, अनुशासन और .ढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास और स्पष्ट लक्ष्य से ही प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल अंकों का नहीं, बल्कि उनकी कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के त्याग का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को आगे भी इसी लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी ने भी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल, स्पोर्ट्स डायरेक्टर वासिफ खान, वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, एक को लगी गोली

## - पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध असलहा व चोरी की बाइक बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध नियंत्रण के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सैफई पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर अभियुक्तों को गिरतार किया है। कार्रवाई के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस टीम 28/29 अप्रैल की रात हैबरा तिराहा बाईपास पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि 27 अप्रैल को सैफई क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना में शामिल अभियुक्त मोटरसाइकिल से आ रहे हैं। कुछ देर बाद उझियानी की ओर से एक बाइक पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर दोनों भागने लगे, लेकिन बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद दोनों बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम



पर जानलेवा फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें रानू उर्फ भौकाली के बाएं पैर में गोली लग गई, जबकि उसके साथी अर्जेश उर्फ भौकाली को मौके से दबोच लिया गया। गिरतार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते प्रवीन कुमार पर जानलेवा हमला किया था। साथ ही बरामद मोटरसाइकिल को उझियानी मेला क्षेत्र से चोरी करना भी स्वीकार किया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 2 अवैध तमंचे 315 बोर, 3 कारतूस (जिसमें 2 जिंदा व 1 मिस) तथा 2 खोखा कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। इस संबंध में थाना सैफई पर विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और पहले से कई मामलों में वांछित थे। यह पूरी कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दी गई। पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह राठी, थाना सैफई मय पुलिस टीम शामिल रहे।

# धारा 163 लागू, 31 मई तक निषेधाज्ञा प्रभावी

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश 1 मई से 31 मई तक प्रभावी रहेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा, विश्व रेडक्रॉस दिवस, महाराणा प्रताप जयंती, ईदुज्जुहा (बकरीद) सहित विभिन्न पर्वों एवं मई माह में प्रस्तावित प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश के तहत जनपद में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के आग्नेयास्त्र, लाठी–डंडा, चाकू या अन्य हथियार लेकर नहीं चलेगा और न ही उनका प्रदर्शन करेगा। सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली किसी भी सूचना के प्रसार पर पूर्ण रोक लगाई गई है। साथ ही ईंट, पत्थर, विस्फोटक सामग्री या हिंसा में प्रयुक्त होने वाली वस्तुओं के संग्रहण पर भी प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार से सड़क जाम करना, यातायात बाधित करना, रेल या अन्य सार्वजनिक वाहनों को रोकना दंडनीय होगा। व्यापारिक प्रतिष्ठानों, स्कूल–कॉलेजों को जबरन बंद कराने या इसके लिए उकसाने पर भी कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक उद्देश्य से जाति आधारित रैलियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार से हिंसा या उत्तेजना फैलाने का प्रयास नहीं करेगा। परीक्षाओं को देखते हुए परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में अनाधि.त रूप से एकत्र होना प्रतिबंधित रहेगा, जबकि 1 किलोमीटर की परिधि में फोटोस्टेट की दुकानें परीक्षा अवधि में बंद रहेंगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग और परीक्षा परिसर में मोबाइल, ब्लूटूथ व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा–223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध माना जाएगा। प्रशासन ने आमजन से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# राजकीय हाईस्कूल सिविल लाइन में हुआ अश्वनी जैन का स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राजकीय हाईस्कूल सिविल लाइन में जनपद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ यतेन्द्र सिंह ने उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टीएलएम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आदि एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। राजकीय हाईस्कूल, सिविल लाइन के प्रधानाचार्य डॉ यतेन्द्र सिंह ने अश्वनी कुमार जैन के राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया एवं उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि वे विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। इसके साथ ही नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने के साथ जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। जिससे जनपद की प्रतिभाएं राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर रहीं हैं। अश्वनी कुमार जैन ने प्रधानाचार्य डॉ यतेन्द्र सिंह एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ अपने परिवार, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त



मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विज्ञान अध्यापक दिग्विजय सिंह, गौरव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 10 हजार की रिश्वत लेते एसएसआई गिरफ्तार

## - पुलिस की भ्रष्ट छवि पर फिर लगा दाग,- एंटी करप्शन की सख्त कार्रवाई से मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। 10 हजार की मामूली रिश्वत के लालच में कानून के रखवाले ही कानून तोड़ते पकड़े गए, जिससे पुलिस की पहले से ही धूमिल होती छवि पर एक और गहरा दाग लग गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भ्रष्टाचार निवारण संगठन, देवीपाटन मंडल गोंडा की ट्रैप टीम ने बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए थाना मोतीपुर में तैनात एक एसएसआई को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरतार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ट्रैप टीम ने निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में आज 28 अप्रैल को सुनियोजित ढंग से यह कार्रवाई की। टीम ने थाना मोतीपुर में तैनात एसएसआई उप निरीक्षक सुरेश चन्द्र गिरि पुत्र स्व. रामाश्रय गिरि को 10 हजार की रिश्वत लेते समय रंगे हाथ दबोच लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी दरोगा ने विवेचना के दौरान शिकायतकर्ता के परिजनों का नाम मुकदमे से निकालने तथा उन्हें जेल न भेजने के नाम पर 10 हजार की रिश्वत की मांग की थी। इस मामले में



शिकायतकर्ता अवधेश कुमार पुत्र भगौती, निवासी ग्राम दौलतपुर मजरालोधियान, थाना मोतीपुर ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद ट्रैप टीम ने पूरी रणनीति के तहत जाल बिछाया और थाना मोतीपुर के मुख्य गेट के पास स्थित एक चाय की दुकान पर दोपहर करीब 1.33 बजे आरोपी दरोगा को रिश्वत की रकम लेते ही रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से 10 हजार की पूरी रिश्वत राशि बरामद की गई, जिससे आरोपी के खिलाफ ठोस साक्ष्य जुटाए जा सके। गिरतार आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली नानपारा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ट्रैप टीम ने इस मामले में प्राथमिकी, प्री–ट्रैप जांच आख्या, शिकायतकर्ता का बयान, संबंधित एफआईआर, ऑडियो–वीडियो रिकॉर्डिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी संकलित किए हैं, जिससे आरोपी के बच निकलने की संभावनाएं लगभग समाप्त मानी जा रही हैं। इस घटना ने एक बार फिर पुलिस विभाग की कार्यशैली और ईमानदारी पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। आम जनता के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि यदि कानून लागू कराने वाले ही रिश्वतखोरी में लिप्त पाए जाएंगे, तो आम नागरिकों को न्याय कैसे मिलेगा। वहीं, इस सख्त कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और विभागीय स्तर पर भी इस मामले को लेकर सख्त संदेश जाने की चर्चा है। जनता ने एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ इसी तरह कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहे, ताकि पुलिस विभाग की गिरती साख को सुधारा जा सके और आम लोगों का भरोसा फिर से कायम हो सके।

# स्मार्ट मीटर समस्या को लेकर कचेहरी में ज्ञापन, उपभोक्ताओं ने उठाई आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। बिजली प्रीपेड स्मार्ट मीटर से उत्पन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जन चेतना समिति ने कचेहरी परिसर में ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित था, जिसे उनकी अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट ने



स्वीकार किया। ज्ञापन में उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर से जुड़ी कई समस्याएं उठाईं, जिनमें अत्यधिक बिजली बिल आना, रिचार्ज कराने के बावजूद मीटर का देर से चालू होना तथा बिल की दरों की स्पष्ट जानकारी न मिलना प्रमुख रहे। इस दौरान शहर के विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में महिलाएं और नागरिक एकत्रित हुए और अपनी समस्याएं प्रशासन तक पहुंचाईं। ज्ञापन देने वालों में संस्थापक राघवेंद्र सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार चतुर्वेदी, प्रदेश सचिव नवनीत बिसारिया, बृजेश प्रजापति, जिलाध्यक्ष अजय यादव, शहर अध्यक्ष एडवोकेट विकास रावत, युवा नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी, आशु भाई, पुष्पा, सरिता, नीलम, उमा देवी, मिथलेश, धन देवी, मीरा देवी, ब्रज नंदनी, मीना, रामकली, रेशमा, सुमन सहित सैकड़ों महिला–पुरुष शामिल रहे। समिति ने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# तेजवापुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के नवीन प्रतिष्ठान का हुआ उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विकास खंड तेजवापुर के रमपुरवा चौकी के निकट ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय के नवीन प्लाईवुड प्रतिष्ठान का बुधवार को भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि महसी



विधायक सुरेश्वर सिंह ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या मौजूद रही। मुख्य अतिथि सुरेश्वर सिंह ने प्रतिष्ठान संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठान क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ–साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने आशा जताई कि यह प्रतिष्ठान क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम में नानपारा चीनी मिल के डायरेक्टर अखंड प्रताप सिंह गोलू, बीडीओ सुरेश प्रसाद गौतम, संतराम पांडेय, दिवाकर पांडेय, अरुणेंद्र सिंह अंकित, मंडल अध्यक्ष विद्याधर वाजपेई, रिंकू मिश्र, वागीश शुक्ला, केसरी नंदन गौड़, पंकज सिंह, नितेश अवस्थी, हर्षित अवस्थी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान लोगों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रतिष्ठान की सफलता की कामना की गई।

# अमृत सरोवरों व तालाबों को भरने के लिए संचालित किया जा रहा अभियान

## - आमजन, मवेशियों, पशु पक्षियों को नहीं होगी जल की समस्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विभिन्न माध्यमों से जनपद के अमृत सरोवर, तालाबों में जल की उपलब्धता की समस्या संज्ञानित होने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जलविहीन सरोवरों, तालाबों को तत्काल चिन्हित कराकर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ग्रीष्म ऋतु के .ष्टिगत विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था संचालित करके तालाबों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए जिससे आमजनमानस के साथ–साथ मवेशियों एवं पशु पक्षियों को पानी की समस्या न होने पाये। उपायुक्त श्रम रोजगार रवि शंकर पाण्डेय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में समस्त खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जल विहीन सरोवरों, तालाबों का चिन्हांकन कर जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के कार्य का अनुश्रवण किया गया। खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा सरोवरों का चिन्हांकन करके कन्वर्जेन्स एवं स्थानीय लोगों के प्रयास से पम्पसेट आदि के द्वारा अमृत सरोवर, तालाब में जल भराने की




कार्यवाही सुनिश्चित कराई गयी। श्री पाण्डेय ने बताया कि जनपद के सभी विकास खण्डों विशेष रूप से बलहा, कैसरगंज, पयागपुर, फखरपुर, रिसिया, शिवपुर, तेजवापुर एवं विशेश्वरगंज में पशु पंक्षियों के लिए पीने के पानी की उपलब्धता हेतु अभियान चलाते हुए लगभग 59 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरो में जल भरा दिया गया है।

# शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए करें आनलाइन आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अन्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर 15000 एवं महिला के दिव्यांग होने पर 20000 तथा यदि दम्पति (पति–पत्नी) दिव्यांग हैं तो 35000 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। योजना हेतु ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ हो। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण–पत्र धारक ऐसे युवक जिनकी शादी के समय आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई भी सदस्य आयकर दाता न हो। आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, संयुक्त खाता, शादी कार्ड एवं विवाह के समय का संयुक्त फोटो आदि अभिलेख के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डॉ. कुमार ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय में यथाशीघ्र उपलब्ध करा दें।

# श्रद्धालुओं ने केन आरती में गर्मी व अवैध खनन से जलापूर्ति संकट पर जताई चिंता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले के भूरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत केन नदी घाट पर के जल महाआरती कार्यक्रम का भव्य आयोजन विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने जनपद में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने और अवैध खनन से जलापूर्ति संकट को लेकर गहरी चिंता जताई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कहा कि जनपद पूरे विश्व और देश में सर्वाधिक तापमान पर है और यह बहुत ही चिंताजनक है वहीं के नदी का जलस्तर इतना कम हो गया है जैसे कभी यह पानी था ही नहीं और कुछ स्थानों पर तो केन नदी प्रतीत ही नहीं होती और इन सबका दूसरा कारण यह है कि नदी में काफी ज्यादा मात्रा



में अवैध खनन भी किया जा रहा है और बची हुई नदी को भी खत्म करने का कार्य किया जा रहा है। समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय और चिंता का विषय है जिसपर कोई जिम्मेदार आवश्यक कार्यवाही भी नहीं कर रहा और नदी की जलधारा दिन ब दिन खत्म होती जा रही है कही ऐसा न हो कि नदी केवल कहानियों और किस्सों में ही समिट कर रह जाए इसलिए नदी की सुरक्षा जोकि हम सबकी अमोल धरोहर है इसके लिए जिला प्रशासन को आवश्यक कार्यवाही करना चाहिए। वहीं दूसरी तरफ बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल की आवश्यकता भी अधिक है। इसलिए जनता को भी जल की आपूर्ति सुचारू रूप से प्राप्त होनी चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ दीपक शुक्ला जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला मंत्री ठाकुर राहुल सिंह अजय निषाद वरिष्ठ भाजपा नेता दयाराम निषाद लोहा सिंह .ष्ण कुमार सहदेव वर्मा सहित तमाम पदाधिकारी एवं श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

# सहायक पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुधवार सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी लाइन मेविस टॉक द्वारा साप्ताहिक बुधवार परेड की सलामी लेकर परेड



का विस्तृत निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान नवप्रशिक्षित पुरुष एवं महिला आरक्षियों के प्रशिक्षण उपरांत वेशभूषा, टर्नआउट, अनुशासन, शारीरिक दक्षता व एकरूपता का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश दिए गए तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण करते हुए निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया व कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा गया। इसी क्रम में आरो व्लाँट, आटा चक्की व मेंस का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित आधिकारी/कर्मचारी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत क्वार्टर गार्ड में सलामी लेकर गार्ड रूम का गहन निरीक्षण किया गया तत्पश्चात अर्दली रूम आयोजित कर पुलिस लाइन से संबंधित विभिन्न अभिलेखों, रजिस्टरों का परीक्षण किया गया। अभिलेखों के अद्यतन, नियमों के अनुरूप संधारण एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस संपूर्ण निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री वेलास यादव सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नवागंतुक डीएम से कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने की भेंट

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस का शिष्टमंडल नवागंतुक जिलाधिकारी अमित आसेरी से मिला और सम्मान शाल ओढ़ाकर एवं बम्बेश्वर पर्वत पर विराजमान भगवान शंकर के चित्र को सप्रेम भेंटकर अभिनंदित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि जनपद का अपना पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व है बामदेव ऋषि की तपों भूमि के फलस्वरूप जनपद का नाम बांदा पड़ा और विराटपुरी के नाम से विश्वविख्यात है। कालिंजर दुर्ग में तीनों युगों के प्रमाण मिलते है वहीं केन नदी के किनारे भूरागढ़ दुर्ग 1857 की क्रांति का गवाह है। ब्रिटिश हुकूमत द्वारा अनेक क्रांतिकारियों को एक साथ फांसी पर लटकाया गया था वहां स्थित किले के अंदर का फांसी घर क्रांतिवीरों की शहादत को याद दिलाता है। जनपद के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व को सुनकर जिलाधिकारी काफी गद गद हुए और कहा कि समय निकाल कर मैं इन स्थानों का भ्रमण अवश्य करूंगा। इस अवसर पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी, महासचिव शोएब रिजवी, शोशल मीडिया प्रभारी संतोष द्विवेदी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ईशु फैज खान शिष्टमंडल में शामिल हुए।




# कुर्मिनपुरवा बाईपास चौराहे का हाईमास्ट बना शोपीस

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। जनपद की तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत कुर्मिनपुरवा बाईपास चौराहे पर लाखों रुपये की लागत से लगाया गया हाईमास्ट लाइट सिस्टम बीते पांच वर्षों से बिना विद्युत आपूर्ति के पड़ा है। हाईमास्ट की मौजूदगी केवल लोहे के ढांचे तक सिमट कर रह गई है, जबकि रोशनी के नाम पर चौराहा पूरी तरह अंधेरे में डूबा रहता है। यह बाईपास चौराहा पूरे इलाके की जीवनरेखा है। पूरी रात यहां से चारपहिया वाहन, भारी ट्रक और प्राइवेट बसें दिल्ली, हरिद्वार, नेपाल बॉर्डर, लखीमपुर, सीतापुर, शाहजहांपुर, मिहीपुरवा, नानपारा व बहराइच की ओर आवागमन करती रहती हैं। इसके बावजूद रात्रि में घोर अंधेरा छा जाने से दुर्घटनाओं का खतरा हर पल मंडराता रहता है। राहगीरों, यात्रियों, दोपहिया चालकों और स्थानीय निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, लेकिन आज तक हाईमास्ट में बिजली नहीं जोड़ी गई। न तो विद्युत कनेक्शन दिया गया और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई। परिणामस्वरूप अंधेरे में तेज रतार वाहनों की आवाजाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह चौराहा राष्ट्रीयध्राज्य मार्ग से जुड़ा व्यस्त जंक्शन है, जहां ट्रैफिक नियंत्रण और प्रकाश व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। हाईमास्ट का निष्क्रिय रहना सरकारी योजनाओं की लापरवाही और उदासीनता को उजागर करता है। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग और यातायात पुलिस से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। मांग है कि हाईमास्ट को अविलंब चालू कराया जाए, विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित हो और तब तक अस्थायी प्रकाश व्यवस्था की जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले जिम्मेदार विभाग जागें। अब सवाल यह है कि पांच साल से खड़ा हाईमास्ट आखिर किसकी जिम्मेदारी है? और कब तक कुर्मिनपुरवा बाईपास चौराहा अंधेरे में लोगों की जान जोखिम में डालता रहेगा।

# गरीब मजलूम बंदी भी विधिक अधिकार पाने के हकदार

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एसीजेएम अम्बरीष त्रिपाठी ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जेल निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के प्राधिकरण के सचिव ने जेल में निरुद्ध बंदियों से उनकी समस्याए सुनी। महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों से उनके मुकदमों की पैरवी की बाबत जानकारी ली। एक महिला बंदी के साथ रहे बच्चे के



खानपान के बारे में भी जानकारी ली। एक महिला बंदी में मुकदमे में प्रभावी पैरवी न होने के कारण वकील बदलने की गुहार लगाई। जिस पर सचिव अम्बरीष त्रिपाठी ने मुकदमे की पैरवी के लिए दूसरा पैनल अधिवक्ता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि गरीब, मजलूम, भी विधिक अधिकार पाने का हकदार है। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य ही गरीबों, मजलूमों व बेसहारा लोगों की मदद करना है। कारागार अस्पताल निरुद्ध सात बंदियों के इलाज व सेहत के बारे में जानकारी ली। जेल डाक्टर पंकज ने बताया कि दो बंदी नशे के आदी है। जिनका इलाज जारी है। जेल प्रशासन व प्राधिकरण से जुड़े अधिवक्ताओं व जेल डाक्टर को बंदियो को मिलने वाली सहूलियतों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बच्चा बैरक में निरुद्ध 47 बंदियो से घटना के समय उनकी उम्र के बारे में जानकारी ली। ताकि 18 साल कम के उम्र के बंदियो को बाल अपचारी घोषित कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान कारागार की पाकशाला ने बंदियों के लिए बनने वाले भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई का जायजा लिया। बंदियों को।पौष्टिक आहार दिए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक पीडी स्लैनिया, डिप्टी जेलर डीपीएस राठौर, अधिवक्ता मो0 सईद खान, सौरभ त्रिपाठी मौजूद रहे।

# डंपर की टक्कर से दंपति की मौत, चालक फरार

## – निमंत्रण करके वापस जा रहे दंपति की दर्दनाक मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

किशनपुर–फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सड़क हादसे में पति–पत्नी की मौत हो गई। घटना ससुर खदेरी नदी के पास उस समय हुई, जब दोनों एक कार्यक्रम से लौटकर घर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, खागा चौड़ा खेर निवासी सोनम सिंह (26) और उनके पति सुभाष सिंह (30) सरौली गांव से लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रतार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। थाना प्रभारी बच्चेलाला प्रसाद ने बताया कि अज्ञात डंपर चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरतार कर लिया जाएगा



# पीड़िता से मिलने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

## - हिरासत में लेकर भेजा कोतवाली, पांच घंटा बाद हुए रिहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ईंट गांव निवासी गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से मिलने जा रहे कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को मंगलवार को प्रशासन ने प्रयागराज हाईवे पर रोककर हिरासत में ले लिया और कोतवाली भेज दिया। पांच घंटे बाद सभी को रिहा कर दिया गया। इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला तथा इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश द्विवेदी के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़िता के घर जाकर परिजनों से मुलाकात करने और घटना की जानकारी लेने के लिए रवाना हुआ था। जैसे ही काफिला प्रयागराज हाईवे पहुंचा, पहले से तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। काफी देर तक नोंकझोंक के बाद पुलिस ने सभी नेताओं को हिरासत में लेकर खागा कोतवाली भेज दिया। गिरतारी के बाद जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार न्याय की मांग उठाने वालों को अपराधी की तरह देख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब




आरोपी सत्ताधारी दल से जुड़ा हो तो सरकार का बुलडोजर शांत हो जाता है, जबकि न्याय व्यवस्था सबके लिए समान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा पूरी तरह से सवालों के घेरे में है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने भी प्रशासनिक कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रदेश में भय और असुरक्षा का माहौल है। महिलाओं के सम्मान पर लगातार हमले हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन दबाव में निष्क्रिय दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे, उपाध्यक्ष शेख एजाज अहमद, माधुरी रावत, पूर्व अध्यक्ष पप्पू पाल, मनोज धायल, आदित्य श्रीवास्तव, नजमी कमर, निजामुद्दीन, अजय बच्चा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी शामिल रहे। वहीं खागा कोतवाली में कलीम उल्ला सिद्दीकी, प्रकाश पांडेय, आशू पांडेय, मो. कासिम, सलीम शेख और सूर्यप्रकाश सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में रखा गया। कांग्रेस नेताओं की गिरतारी की सूचना मिलते ही समर्थकों में नाराजगी फैल गई। देर शाम तक कोतवाली परिसर में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि पीड़िता को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

# पीड़िता की शादी में गेस्ट हाउस खर्च उठाएंगे चौधरी राजेश

## - कन्यादान करने का भी किया ऐलान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। खागा क्षेत्र में हुए चर्चित दुष्कर्म प्रकरण को लेकर जिले की सियासत लगातार



गरमाई हुई है। विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि पीड़िता के घर पहुंचकर न्याय दिलाने तथा आर्थिक मदद का भरोसा दे रहे हैं। इसी क्रम में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने पीड़ित परिवार के प्रति बड़ा सहयोगात्मक ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता की शादी में गेस्ट हाउस से संबंधित आने वाला पूरा खर्च वह स्वयं वहन करेंगे, साथ ही कन्यादान भी करेंगे। पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। उन्होंने पीड़िता के पिता को तत्काल पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। कहा कि बेटी की शादी जब भी तय होगी, जिस गेस्ट हाउस में विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा उसका संपूर्ण खर्च उनकी ओर से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेटी को किसी प्रकार की कमी महसूस नहीं होने दी जाएगी। समाज का दायित्व है कि ऐसी पीड़ित बेटी को सम्मानपूर्वक जीवन की नई शुरुआत कराई जाए। इसी भावना के तहत वह न सिर्फ आर्थिक सहयोग करेंगे, बल्कि कन्यादान कर पिता का दायित्व निभाने का भी प्रयास करेंगे। चौधरी राजेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के साथ पीड़िता के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली गई है। परिवार बेहद आहत है और उसे न्याय के साथ–साथ सामाजिक संबल की भी जरूरत है। ऐसे में समाज के सक्षम लोगों को आगे बढ़कर मदद करनी चाहिए। उधर चौधरी राजेश यादव के इस ऐलान के बाद पीड़ित परिवार को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी है। जिले में इस मामले को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां लगातार तेज हैं और पीड़िता के समर्थन में विभिन्न संगठनों का पहुंचना जारी है। प्रशासनिक कार्रवाई पर भी सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# सर्राफा व्यापारियों ने एसपी को ज्ञापन सौंप पुलिस कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

## - पुराने गिरवी लेनदेन के विवादों में बिना जांच एफआईआर व दबावपूर्ण कार्रवाई पर जताई नाराजगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। फतेहपुर सर्राफा एसोसिएशन के बैनर तले जनपद के सर्राफा व्यापारियों ने आभूषण व्यवसाय में गिरवी रखे गए सामान से जुड़े पुराने विवादों को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी उर्फ पप्पन ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट एवं बाध्यकारी दिशा–निर्देश जारी करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि सोने–चांदी की कीमतों में लगातार वृद्धि के चलते वर्षों पुराने और निष्क्रिय पड़े गिरवी लेनदेन अब दोबारा विवाद का कारण बन रहे हैं। कई मामलों में 10 से 30 साल पुराने मामलों को बिना ठोस साक्ष्यों के उठाया जा रहा है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक, कानूनी और प्रतिष्ठागत नुकसान झेलना पड़ रहा है। एसोसिएशन का कहना है कि अधिकांश विवाद दीवानी प्र.ति के होते हैं, जिनमें पुलिस द्वारा सीधे हस्तक्षेप या एफआईआर दर्ज करना विधिसम्मत नहीं है। आरोप लगाया गया कि कई मामलों में बिना प्रारंभिक जांच, बिना दस्तावेजों के परीक्षण और बिना व्यापारियों का पक्ष सुने ही कार्रवाई की जा रही है। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस कई बार बिना पूर्व सूचना के दुकानों पर पहुंचकर दबावपूर्ण एवं असभ्य व्यवहार करती है, जिससे व्यापारिक माहौल प्रभावित होता है। उन्होंने इसे न केवल अनुचित बल्कि व्यापारिक गरिमा के खिलाफ बताया। ज्ञापन में पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि दीवानी प्र.ति के मामलों में कार्रवाई से पहले अनिवार्य प्रारंभिक जांच की जाए। दोनों पक्षों को सुनने और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद ही कोई कदम उठाया जाए। केवल स्पष्ट आपराधिक मामलों में ही एफआईआर दर्ज हो। बिना



नोटिस व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर दबावपूर्ण कार्रवाई पर रोक लगे। पुलिस कर्मियों को सभ्य और संयमित व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं। जिलाध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी ने कहा कि सर्राफा व्यापारी राज्य के प्रमुख करदाताओं में शामिल हैं, ऐसे में उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार होना आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन जल्द ही इस विषय पर ठोस कदम उठाएगा, जिससे व्यापारियों को अनावश्यक उत्पीड़न से राहत मिल सके। इस मौके पर बृजेष सोनी, धर्मेन्द्र गुप्ता, मोनू रस्तोगी, उमेष सोनी, रज्जन गुप्ता, सोनू गुप्ता, अमित रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, मनोज, तुशार रस्तोगी, यागेष चन्द्र रस्तोगी, सज्जन कुमार सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# विश्व नृत्य दिवस पर नृत्योत्सव व संवाद कार्यक्रम

## -नृत्य करने से तनाव से मुक्ति मिलती है : सरिता सिंह

(संवाददाता) लखनऊ। तबले की थाप पर थिरकते कदम और संगीत के जज्बे के साथ आज उड़ान संस्था के तत्वावधान में फरीदी नगर, चांदन रोड इन्दिरा नगर स्थित संस्था के सभागार में विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर आयोजित श्नृत्योत्सव व संवादश कार्यक्रम में कला और स्वास्थ्य के अंतर्संबंधों पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता और वरिष्ठ लोक नृत्यांगना सरिता सिंह ने दीप प्रज्जवलन के साथ उत्सव का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नृत्य हमारी प्रकृति की शक्ति से जुड़ने का माध्यम है। यह न केवल



रचनात्मकता और एकाग्रता बढ़ाता है, बल्कि आधुनिक दौर की सबसे बड़ी समस्या शतनावश से मुक्ति दिलाने की अचूक औषधि भी है। उन्होंने शास्त्रीय और लोक नृत्य की बारीकियों को समझाते हुए प्रशिक्षार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर नृत्योत्सव का शुभारम्भ खुशबू, सीमा, पूनम, कविता ने वंदेमातरम पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों में देशप्रेम की भावना जागृत की। देश भक्ति से परिपूर्ण इस प्रस्तुति के उपरान्त नन्दनी, कल्पना, रिया, पूजा गुप्ता, शिखा, आराध्या, मयंक, ममता, पूनम यादव, मोहिनी और अनीता ने मेरे ढोलना सुन और सविता, रचना, मिष्ठी, काव्या एवं आव्या ने मोहे पनघट पर नंद लाल छेड़ गयो रे पर भावपूर्ण अभिनय युक्त नृत्य प्रस्तुत कर मंत्र मुग्ध कर दिया।

# बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के आठ घण्टे के भीतर गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले देवानंद द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी गई कि 28 अप्रैल की शाम को कालूकुआं एस0एस मान्टेसरी गली से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। सूचना पर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजी.त करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों वैज्ञानिक एवं तकनीकि माध्यमों के माध्यम से अभियुक्त की पहचान करते हुए सूचना के 08 घण्टे के भीतर अभियुक्त को छोटा बाईपास पल्हरी मार्ग से गिरतार कर लिया गया। मौके से



चोरी की मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया। पकड़ेगए अभियुक्त अरुण पुत्र संतोष निवासी निवादा थाना गिरवां के विरुद्ध मु0अ0सं0 201/26 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली टीम में म0उ0नि0 रश्मि सिंह, कां0 सतीश, कां0 नरेन्द्र शामिल रहे।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0 डि0) फतेहपुर

वाद सं0– 77/70 सन 2026 ई0 1.रूकमणी देवी उर्फ कुंवारी देवी उम्र लगभग 70 वर्ष पत्नी स्व0 मोतीलाल निवासी ग्राम बूलापुर मजरे मण्डवां पोस्ट मण्डवां जिला फतेहपुर उ0प्र0 212653

.........याचीगण

बनाम 1. मनोज कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष 2. प्रमोद कुमार उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्रगण स्व0 मोतीलाल 3. नीलू देवी उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्री स्व0 मोतीलाली निवासी ग्राम बूलापुर पोस्ट मण्डवां तहसील खागा जिला फतेहपुर।

........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अ0 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

आपने बमोजिब ऐक्ट नं0 39 सन् 1925 अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम हरगाह मुसम्मात रूकमणी देवी उर्फ कुंवारी देवी नें दरख्वास्त वसूल सर्टीफिकेट गुजराई है और दिनांक 21 माह 05 सन 2026 वास्ते दरख्वास्त के मुकर्रर की जाती है लेहाजा यह इष्तेहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त सर्टीफिकेट के उज्र हो व असालतन या वकालन तारीख मुकर्ररा पर 10:00 बजे सुबह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर में हाजिर होकर अपना उज्र पेष करे दरसूरत इन्केजाय दिनांक मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुकुम मुनासिब निस्वत मजकूर के सादिर होगा। दिनांक 28 माह 04 सन् 2026 वास्ते उजुरदारी व समात दरख्वास्त मुकर्रर की जाती है। अलमरकूम माह सन् 202 को नोटिस जारी की गयी।

मुंसरिम
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0 डि0) फतेहपुर

विविध वाद सं0– 83/70 सन 2026 ई0 1.आरोही पटेल उम्र लगभग 05 वर्ष पुत्री आदित्य कुमार 2.रूद्राश पटेल उम्र लगभग 04 वर्ष आदित्य कुमार निवासीगण ग्राम व पोस्ट औंग, तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर हालमुकाम ग्राम पनई इनायतपुर, पोस्ट रारी बुजुर्ग थाना मलवां तहसील व जिला फतेहपुर द्वारा संरक्षिका हकीकी नानी शिवकान्ती उम्र लगभग 56 वर्ष पत्नी चन्द्रभूषण सिंह निवासी ग्राम पनई इनायतपुर, पोस्ट रारी बुजुर्ग थाना मलवां तहसील व जिला फतेहपुर।

.........याचीगण

बनाम 1.आदित्य कुमार उम्र लगभग 38 वर्ष सुखराम निवासी ग्राम व पोस्ट औंग, तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर हालमुकामैठ (सशस्त्र सीमा बल ) हेड क्वार्टर लखीमपुर खीरी उ0प्र0। 2. भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रबन्धक भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा कार्यालय बिन्दकी जिला फतेहपुर।

........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अ0 372 धारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम आपने बमोजिब ऐक्ट नं0 39 सन् 1925 अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम हरगाह मुसम्मात आरोही पटेल नें दरख्वास्त वसूल सर्टीफिकेट गुजराई है और दिनांक 29 माह 05 सन 2026 वास्ते दरख्वास्त के मुकर्रर की जाती है लेहाजा यह इष्तेहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त सर्टीफिकेट के उज्र हो व असालतन या वकालन तारीख मुकर्ररा पर 10:00 बजे सुबह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर में हाजिर होकर अपना उज्र पेष करे दरसूरत इन्केजाय दिनांक मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुकुम मुनासिब निस्वत मजकूर के सादिर होगा। दिनांक 28 माह 04 सन् 2026 वास्ते उजुरदारी व समात दरख्वास्त मुकर्रर की जाती है। अलमरकूम माह सन् 202 को नोटिस जारी की गयी।

मुंसरिम न्यायालय सिविल जज (सी0डि0)फतेहपुर।


## लोकमान्य तिलक टर्मि. -अयोध्या कैन्ट अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताहिक) की नियमित सेवा

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 22111/22112 लोकमान्य तिलक टर्मि.-अयोध्या कैन्ट अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताहिक) की नियमित सेवा प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

गाड़ी सं.22111/22112 लोकमान्य तिलक टर्मि.-अयोध्या कैन्ट अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताहिक)

| गाड़ी सं.22111 लोकमान्य तिलक टर्मि.- अयोध्या कैन्ट अमृत भारत एक्सप्रेस | | | गाड़ी सं.22112 अयोध्या कैन्ट-लोकमान्य तिलक टर्मि. अमृत भारत एक्सप्रेस | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ------- | 07:55 | लोकमान्य तिलक टर्मि. | 15:45 | ------- |
| 04:10 | 04:12 | मानिकपुर | 19:28 | 19:30 |
| 06:25 | 06:35 | प्रयागराज जं. | 17:05 | 17:15 |
| 10:15 | ------- | अयोध्या कैन्ट | -------- | 13:50 |

**अन्य ठहराव :** उपरोक्त गाड़ी का क्रमशः ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, सुल्तानपुर स्टेशनों पर भी ठहराव होगा।

**नियमित सेवा- लोकमान्य तिलक टर्मि. से:** गाड़ी सं.22111, दिनांक- 05.05.2026 से प्रत्येक मंगलवार, **अयोध्या कैन्ट से:** गाड़ी सं.22112, दिनांक- 06.05.2026 से प्रत्येक बुधवार, **गाड़ी संरचना:** सामान्य श्रेणी: 11, स्लीपर श्रेणी: 08

नोटः- ट्रेन से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 943/26(DG)








# निःशुल्क कोचिंग का अवसर, पांच मई तक करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय स्थित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में एक वर्षीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण एक अप्रैल से प्रारम्भ हो चुका है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अभ्यर्थियों को तृतीय श्रेणी की सेवाओं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। वर्तमान सत्र में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, जिसमें हाईस्कूल स्तर पर अंग्रेजी विषय होना चाहिए। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। स्नातक, परास्नातक, टंकण, आशुलिपि एवं कम्प्यूटर ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें आर्थिक सहयोग मिल सके। इच्छुक पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी अपने शैक्षिक, आयु, जाति तथा सेवायोजन पंजीयन से संबंधित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र 05 मई तक जिला सेवायोजन कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर जमा कर सकते हैं। पूर्ण रूप से सही पाए गए आवेदन पत्रों के आधार पर ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालय के दूरभाष संख्या 05180–298602 पर संपर्क कर सकते हैं।

## दुष्कर्म पीड़िता को मुआवजा व आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ईंटगांव में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना को



लेकर कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पीड़िता को आर्थिक सहायता, शेष आरोपी की गिरफ्तारी तथा सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कांग्रेस नेता ओमप्रकाश गिहार ने बताया कि 24 अप्रैल को हुई घटना में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल को कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की, जिसमें परिवार ने सरकार की रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने, फरार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी, आरोपियों पर रासुका लगाने, परिवार को सुरक्षा देने तथा मामले का ट्रायल फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में शिवाकांत तिवारी, वीरेंद्र सिंह चौहान और मोहित मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल रहे। ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया गया कि पीड़िता को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, शेष आरोपी को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाए तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मामले का शीघ्र निस्तारण कराया जाए।

## अदालती नोटिस

ब अदालत सिविल जज (सी0 डि0) फतेहपुर

प्रकीर्ण वाद सं0– 81/70 सन 2026 ई0

1. सुमित्रा उम्र करीब 72 वर्ष पत्नी रामकुमार निवासी ग्राम सुजानपुर पोस्ट बहुआ, थाना ललौली तहसील व जिला फतेहपुर।

.........वादिनी

बनाम 1.रिंकू उम्र करीब 46 वर्ष पुत्र रामकुमार

2.अवधेश कुमार उम्र करीब 29 वर्ष पुत्र रामकुमार निवासीगण ग्राम सुजानपुर पोस्ट बहुआ, थाना ललौली तहसील व जिला फतेहपुर। 3.उर्मिला देवी उम्र करीब 44 वर्ष पत्नी रामकरन पुत्री रामकुमार निवसी ग्राम कोरइया, पोस्ट व थाना बिन्दकी तहसील व जिला फतेहपुर।

........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अ0 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

आपने बमोजिब ऐक्ट नं0 39 सन् 1925 अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम हरगाह मुसम्मात सुमित्रा ने दरख्वास्त वसूल सर्टीफिकेट गुजराई है और दिनांक 29 माह 05 सन 2026 वास्ते दरख्वास्त के मुकर्रर की जाती है लेहाजा यह इश्तेहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त सर्टीफिकेट के उज्र हो व असालतन या वकालन तारीख मुकर्रर पर 10:00 बजे सुबह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर में हाजिर होकर अपना उज्र पेष करे दरसूरत इन्केजाय दिनांक मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुकुम मुनासिब निस्वत मजकूर के सादिर होगा। दिनांक 28 माह 04 सन् 2026 वास्ते उजुरदारी व समात दरख्वास्त मुकर्रर की जाती है। अलमरकूम माह सन् 202 को नोटिस जारी की गयी।

मुंसरिम

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर।

# डिस्ट्रिक्ट बार की नवीन कार्यकारणी को दिलाई सत्य निष्ठा की शपथ

## - अधिवक्ताओं के मान सम्मान व हितों की करेंगे रक्षा : बाबू सिंह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज सुधीर कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय से राजेश उपाध्याय, न्यायाधीश





दुर्घटना बीमा दावा न्यायाधिकरण शिवचंद्र समेत न्यायिक अधिकारियों ने शिरकत की। इस दौरान जिला बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा समेत सभी अन्य सदस्यों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिव प्रकाश अग्निहोत्री द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि जिला जज व डीबीए अध्यक्ष बाबू सिंह, महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा को प्रतीक चिन्ह देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं ने स्नेह देकर उन्हें जिताने का कार्य किया है। नवीन कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों के लिये एव उनके मान सम्मान की रक्षा करने का काम करेगी। इस मौके पर अवसर में एल्डर कमेटी के सदस्य बाबू प्रसाद दीक्षित, रामप्यारी मौर्य, नगर पालिका परिषद फतेहपुर के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, सुशील मिश्रा, हंसराज सिंह, मणि प्रकाश दुबे, राकेश वर्मा, हितेंद्र सिंह, इन्द्र कुमार सिंह चौहान, निवर्तमान अध्यक्ष गया प्रसाद द्विवेदी, महामंत्री जितेन्द्र सिंह, राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, अशोक अवस्थी, जगनायक सिंह यादव, कमलेश शुक्ल, अरुणेश पाण्डेय, वसीम अंसारी, विपिन यादव, सुधीर तिवारी, मंदीप मिश्र, अशोक शुक्ल, हरिश्चंद्र यादव, अमित यादव, दिलीप पटेल समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता मो. रेहान सदफ द्वारा न्यायिक अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बबलू यादव एडवोकेट, मो. आमिर एडवोकेट, असद अली, अमित यादव आदि रहे।

### वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

जिला बार की नवीन कार्यकारिणी का स्वागत वरिष्ठ अधिवक्ता मो. असलम शेर खान के नेतृत्व में किया गया। अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करने के साथ ही नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व डीबीए अध्यक्ष सुशील मिश्रा समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# दुष्कर्म पीड़िता से मिलने निकले भाजपाई, रास्ते में रोके गए

## - खागा डाक बंगले में बैठाया गया प्रतिनिधिमंडल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा थाना क्षेत्र के चर्चित दुष्कर्म कांड ने अब पूरी तरह राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के बाद मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल भी पीड़िता के गांव पहुंचकर परिवार से मुलाकात करने निकला,



लेकिन प्रशासन ने खागा कस्बे में ही काफिले को रोक दिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में भाजपा नेताओं को निरीक्षण भवन (डाक बंगला) में बैठा दिया गया, जिससे मौके पर तीखी नोंकझोंक और नाराजगी का माहौल बन गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के नेतृत्व में निकले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह, विधायक .ष्णा पासवान, राजेंद्र सिंह पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण, पंकज त्रिपाठी, प्रवीण सिंह, सुशील मौर्य समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। जैसे ही काफिला खागा पहुंचा, पहले से तैनात भारी पुलिस बल ने उसे गांव की ओर बढ़ने से रोक दिया। एसडीएम, अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों ने भाजपा नेताओं को समझाने का प्रयास किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में किसी भी राजनीतिक दल के प्रवेश से तनाव बढ़ सकता है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि शासन स्तर से कड़ी कार्रवाई जारी है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि भाजपा नेताओं ने इसे पीड़ित परिवार से मिलने के संवैधानिक अधिकार में बाधा बताते हुए नाराजगी जताई। कुछ देर तक प्रशासन और नेताओं के बीच तीखी बहस भी हुई, लेकिन अंततः पूरे प्रतिनिधिमंडल को निरीक्षण भवन में ही रोककर बैठा लिया गया। इस घटनाक्रम ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया, क्या अपनी ही सरकार में भाजपा नेताओं की प्रशासनिक स्तर पर कोई सुनवाई नहीं?

### दुष्कर्म कांड में दो को जेल, मुख्य आरोपी फरार

गौरतलब है कि खागा क्षेत्र के एक गांव में मंगेतर के साथ बाग में बैठी युवती के साथ दरिंदगी की वारदात ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। मामले में दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है, जबकि मुख्य आरोपी भाजपा नेता बबलू सिंह अब भी पुलिस की गिरत से बाहर है। फरारी पर शिकंजा कसते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सात विशेष टीमें गठित की हैं। वहीं प्रयागराज मंडल के आईजी ने आरोपी पर घोषित इनाम राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी है। पुलिस की दबिश जिले के अलावा कई अन्य राज्यों में भी जारी है। मामले में शुरुआती लापरवाही सामने आने पर तत्कालीन थानाध्यक्ष रमेश पटेल और संबंधित चौकी प्रभारी को निलंबित किया जा चुका है।

### राजनीति गर्म, प्रशासन अलर्ट

घटना के बाद विपक्षी दलों की सक्रियता ने पहले ही प्रशासन की चिंता बढ़ा दी थी। सपा और कांग्रेस प्रतिनिधियों की मुलाकात के बाद भाजपा का गांव जाना प्रशासन के लिए नई चुनौती बन गया। यही वजह रही कि किसी भी संभावित राजनीतिक प्रदर्शन या भीड़ जुटने से पहले ही प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। अब इस पूरे प्रकरण ने जिले की राजनीति में नया मोड़ ला दिया है। एक तरफ भाजपा आरोपी की गिरफ्तारी न होने से असहज है, तो दूसरी तरफ प्रशासन किसी भी कीमत पर मामले को और भड़कने नहीं देना चाहता।

# लोक अदालत के आदेश पर बीमा कंपनी ने चुकाया क्लेम

## - याची को मिला 3.29 लाख का चेक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बीमा क्लेम के एक लंबे समय से लंबित मामले में स्थायी लोक अदालत के आदेश के बाद विपक्षी बीमा कंपनी को आखिरकार भुगतान करना पड़ा। स्थायी लोक अदालत के आदेश के अनुपालन में युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने याची धर्मेन्द्र सिंह के पक्ष में 3 लाख 29 हजार 205 रुपये का चेक न्यायालय में जमा किया, जिसे बाद में विधिवत सौंप दिया गया। यह भुगतान स्थायी लोक अदालत द्वारा 19 अप्रैल 2025 को पारित आदेश के अनुपालन में किया गया। न्यायालय परिसर में आयोजित विधिक प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, सदस्य डॉ. सोमारु कुशवाहा, आदित्य प्रकाश की मौजूदगी में याची को धनराशि उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर याची की ओर से अधिवक्ता राम पटेल, राजकरण सिंह और रतीलाल मौजूद रहे। अधिवक्ता राम पटेल ने बताया कि मामला बीमा क्लेम से जुड़ा था, जिसमें याची को लंबे समय से भुगतान नहीं मिल पा रहा था। स्थायी लोक अदालत में वाद प्रस्तुत किए जाने के बाद सुनवाई हुई और न्यायालय ने याची धर्मेन्द्र सिंह के पक्ष में निर्णय सुनाया। न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद विपक्षी बीमा कंपनी ने संपूर्ण देय धनराशि को चेक न्यायालय में जमा कर दिया, जिसे मंगलवार को औपचारिक रूप से याची को प्रदान किया गया। भुगतान मिलने के बाद याची पक्ष ने राहत की सांस ली।



स्थायी लोक अदालत के इस फैसले को आम नागरिकों के लिए न्यायिक व्यवस्था पर भरोसा बढ़ाने वाला माना जा रहा है, क्योंकि इससे यह संदेश गया है कि बीमा दावों में अनावश्यक देरी करने वाली कंपनियों को अंततः जवाबदेह होना पड़ता है।

# खेत तालाब योजना से किसानों को मिलेगा दोहरा लाभ

## - सिंचाई भी, अतिरिक्त आय भी मिलेगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में किसानों की आय बढ़ाने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेत तालाब योजना का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। यह योजना .षि विभाग की भूमि संरक्षण इकाई (राष्ट्रीय जलागम) एवं भूमि संरक्षण इकाई ईईसी खागा द्वारा संचालित है, जिसके तहत किसानों को अपने खेत में तालाब निर्माण पर आकर्षक अनुदान दिया जा रहा है। भूमि संरक्षण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत 22 मीटर गुणे 20 मीटर गुणे 3 मीटर आकार के खेत तालाब के निर्माण पर कुल लागत 105000 निर्धारित है। इसमें किसानों को 50 प्रतिशत यानी अधिकतम 52500 तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत अनुदान राशि दो किश्तों में दी जाएगी। पहली किश्त 39,375 तालाब की खुदाई और दरेसी कार्य पूर्ण होने पर व दूसरी किश्त 13,125 पक्का इनलेट बनने के बाद। यह योजना न सिर्फ वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देगी, बल्कि सिंचाई के लिए स्थायी जल स्रोत भी उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा किसान तालाब के माध्यम से मछली पालन, मोती पालन और अन्य जलीय गतिविधियों से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। साथ ही सूखे की स्थिति में भी राहत मिलेगी और भूजल स्तर में सुधार होगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसान का फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण अनिवार्य है। आवेदन करते समय 1000 की टोकन राशि जमा करनी होगी। किसान .षि विभाग के पोर्टल पर स्वयं या जन सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। तालाब से सिंचाई के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम पर सरकार द्वारा 80 से 90 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। वहीं पंपसेट खरीद पर भी 50 प्रतिशत तक सहायता उपलब्ध है। वर्ष 2026–27 के लिए प्रत्येक इकाई में 10 सामान्य और 2 अनुसूचित श्रेणी के तालाबों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पात्र किसानों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए किसान भूमि संरक्षण अधिकारी राष्ट्रीय जलागम एवं ईईसी खागा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना-प्रदर्शन दो मई को

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा जनपद के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की लम्बित समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए दो मई को धरना–प्रदर्शन किए जाने की घोषणा की गई है। संघ के जिलाध्यक्ष आलोक शुक्ला ने बताया कि जनपद के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की अनेक ज्वलंत समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। बार–बार ज्ञापन एवं अनुरोध के बावजूद समस्याओं का समाधान न होना प्रशासन की असंवेदनशीलता को दर्शाता है, जिससे शिक्षक एवं कर्मचारी वर्ग में गहरा आक्रोश व्याप्त है। संघ नेतृत्व के आह्वान पर यह निर्णय लिया गया है कि अब समस्याओं के समाधान के लिए निर्णायक संघर्ष किया जाएगा। इसी क्रम में दो मई को अपराह्न 02 बजे से सायं 05 बजे तक कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक पर शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से धरना–प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस दौरान समस्याओं का ठोस एवं संतोषजनक समाधान नहीं किया गया, तो संगठन व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संघ ने जनपद के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## ट्रक ने बाइक सवार मां-बेटे को रौंदा, हादसे में बची बेटी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मंगलवार की देर शाम निमंत्रण पर जा रहे मां–बेटे को तेज रतार ट्रक ने रौंद दिया जिससे दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गई। बाइक में बैठी सात वर्षीय बालिका छिटक कर गिर गई जिससे उसे मामूली चोट आई हैं। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के बनियनपुर मजरे मंडवा गांव निवासी अशोक कुमार की 44 वर्षीय पत्नी शिवकुमारी साहू अपने 20 वर्षीय पुत्र अजय प्रसाद साहू व आठ वर्षीय सेजल साहू के साथ बाइक में सवार होकर कौशांबी जनपद के मंझनपुर शादी समारोह में जा रहे थे। बाइक जैसे ही खागा कोतवाली क्षेत्र के अमांव गांव के समीप एनएच–2 पर पहुंची तभी पीछे से आ रहे तेज रतार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे मां–बेटे की कुचलकर मौत हो गई जबकि सेजल छिटक कर दूर जा गिरी। जिससे उसे मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मां–बेटे के शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## डीएम ने जल निगम ग्रामीण की परियोजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

### – जनप्रतिनिधियों को अवगत कराकर स्थलीय निरीक्षण कराए जाने की हिदायत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जनपद में जल निगम ग्रामीण द्वारा संचालित परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण



को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जो भी कंपनियां कार्य कर रही हैं उनके जो भी कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं उनको चिन्हित कर उक्त कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जो भी एजेंसियां कार्य में रुचि नहीं ले रही हैं उनको नोटिस देते हुए ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही करें एवं यह भी सुनिश्चित करें कि जहां भी कार्य चल रहा है कार्य समाप्त होने के पश्चात उस सड़क को ढक दें कहीं भी गड्ढा न रहे यदि कहीं भी सड़क खुदने से दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की होगी। अगर कहीं भी जमीन की समस्या आ रही हो तो अवगत कराएं और यह सुनिश्चित करें की पानी की टंकियों से जलापूर्ति अच्छी तरीके से हो, अपनी सेवाओं में सुधार लाएं जिससे लोगों में विश्वास उत्पन्न हो और लोगों को सप्लाई के पानी का इस्तेमाल करने के संबंध में जागरूक करें। जल सखी द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा करें और उनको कार्य करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि ग्राम सभाओं में प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों व अन्य सरकारी भवनों को प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति से संतृप्त कराएं।

## कल कवि सम्मेलन में गूंजेगी कविताएं

### -कवि शिवशरण बंधु के सेवानिवृत होने पर कवि सम्मेलन-मुशायरा

न्यूज वाणी ब्यूरो/हथगाम, फतेहपुर। कवि एवं शायर शिवशरण बंधु हथगामी के सेवानिवृत होने पर मोहसिन हसन गेस्ट हाउस हथगाम में एक शाम–मरहूम जुबेरी बादशाह के नाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन एक मई को शाम सात बजे से होगा। जिसका संयोजन युवा कवि शिवम हथगामी एवं सह संयोजन शायर अनुज साहू शम्स कर रहे हैं। कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में दूर–दूर से कवि एवं शायर पधार रहे हैं। मोहम्मद सैयद रेहान अहमद पूर्व सभासद व्यवस्था प्रमुख रहेंगे।



यह जानकारी प्रेस वार्ता में दी गई। कार्यक्रम में दूर–दराज के कवि एवं शायर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन करेंगे। हास्य और श्रृंगार रस की कविताओं से माहौल को जीवंत बनाएंगे। शिवम हथगामी ने बताया कि प्रयागराज के कवि बागी विकास, घाटमपुर के शायर शरीफ शहबाज, डॉ वारिस अंसारी, हास्य कवि बिहारी लाल अंबर, नर कंकाल, टीवी फेम हास्य कवि आशीष कवि गुरु, आकाश उमंग, अमेठी से कवियत्री संदल अफरोज, कवि कुमार विकास, शिव सिंह सागर, अनुज साहू शम्स, श्रीकांत साहू आदि रचनाकार काव्य पाठ करेंगे। संचालन शिवम हथगामी करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर)